**RESOLUTION RE. THE DRAW BACKS IN THE IMPLEMENTATION OF OUR DEVELOPMENTAL PROGRAMME—Contd.**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MOSTAFA BIN QUASEM): Now we take up further discussion on Private Members' Resolution. Shri Santosh Kumar Sahu.

SHRI SANTOSH KUMAR SAHU (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the outset I convey my greetings to you for occupying the Chair today for the first time as Vice-Chairman and I sincerely hope that you will add grace to the House and discharge your functions very efficiently.

Sir, last time while I was speaking on this Resolution moved by my friend, Mr. Narayanasamy, I said it is a Resolution which has a wide horizon looking into the deeper aspects of planning and the important matter of rural development. He has also categorized the different aspects. I would like to say that though planning has achieved something—we have progressed in our march on different planes—but the question now is, if we look at the rate of growth from a critical angle, we find that the aspirations of the common man have not been fulfilled yet and we still have a long way to go. Therefore, we require some new insight into the matter and have to make a critical study of the matter.

It is rightly said that India lives in its villages. Eighty per cent of our people live in the villages. So, without any definite dynamic economic development in the rural villages and in the rural sector, it is never possible that India can march ahead for the economic development which we envisaged and which we promised to give to our people. So, this is a fundamental task. Though in the different planes the objective has been that there should be eradication of poverty, in my last speech I said how little we have done in that respect though many projects have been going on to eradicate poverty and bring the people above the poverty line.

Now the question is, what are the basic problems, how is rural poverty today, how can it be eradicated effectively and how can effective steps be taken for economic growth at the rural centres? The basic question is that agriculture is one of the primary economic factors. Until productivity increases, until that factor becomes very dynamic in our life, it is never possible that the rural sector will develop to a grater extent. The technological innovations, the agricultural research, for that the extension service, the input, the marketing, the irrigation facilities, other infrastructural facilities—all are very relevant for this purpose. But, unfortunately, as I was speaking last time, it is the report of the Government, the National Committee on Backward Area Development which has told that in course of the vast investment those areas which are nearer to the cluster of industrial growth, had taken more advantage of the planned expenditure than the other areas. I will give examples one by one so that it will be better understood.

I tell today, Sir, if we take, for example, one backward area, the most backward area in this country, the eastern India which comprises of the eastern U.P., West Bengal, Bihar and Orissa, we know what has happened. Except the cities, the sea of the rural areas are overburdened with indebtedness. Though cultivation has increased, agriculture has not undergone any revolutionary change. The technical benefits of better harvest, better paddy, better seeds have not gone because there is lack of proper extension service. Not that these areas suffer from natural resources. There are a lot of minerals in this area.

Sir, there is an argument about the Five-Year Plans. I remember today. I want to tell before the House that many of the big public sector undertakings have localised in these backward areas. But has anybody asked the question, when the localisation of the big public sector undertakings like steel in Bihar at Bokaro or Rourkela in Orissa or Bhilai in Madhya Pra-

[Shri Santosh Kumar Sahu]

desh was done, whether it was socially relevant to the local people except in a very limited way? When you try to develop the ancillary industries and local enterpreneurs, have they tried to see the significance, how the local area will be developed so that there will be facilities for market?

Then, there is a big gap in communication. Why do the local people still suffer. There is no coordination. There is definitely lack of coordination, lack of understanding of the grass-root problem in planning. These are big gaps which are eating away rural development, which are the bottlenecks of rural development. The time has come that we have to think of all these things.

Then, the other important segment if we want to develop agriculture, is, there must be adequate credit flow, there must be proper facilities for input, there must be proper marketing infrastructure.

Let us not go farther. Let us see in Delhi the price rise in respect of vegetables, onions, mustard oil. Does the agriculturist get any percentage of the rise in the prices? He sells in distress. He gets the minimum price. But, what is the price rise today? We are benefiting the traders. Where is the infrastructure for marketing for the common man to get the benefit out of the economic situation arising today? Until we think of these things, the consumer, the common man suffers, the producer, the agriculturist who is the backbone of this country, suffers. So, where have we failed? We have to ask this question. It is not criticising anybody. It is a question of the nation, it is a question of the common man. The producer does not get the real price, and the consumer does not get at a proper price.

We are investing so much for developing marketing structure. Where is the markeing structure, Sir? The trader gets the benefit. If there is news of drought, the price increases. If there is a dose of D.A. to the government emp oyees, the price increases. At whose cost? And who benefits out of it? These are economic failures. These are prevailing in our planning. These are prevailing in the free market which we have to control.

Then, another question is this, an important question. We want to develop agriculture. How? How many States? The Five-Year Plans have emphasised, one of the basic aims is that the consolidation of holdings should be done in all the States. I know that Punjab took the lead much earlier. So, they have reaped the harvest. The green revolution has been possible much earlier. How many States today have completed the consolidation of holdings? Without this, how can you expect the common cultivator could improve the land? These are the basic questions which are coming before us today.

Coming to all these questions, I would like to say that we have to take very serious note. I strongly emphasise. We have thought of subsidiary industries, white revolution, ancillary industries, cottage industries, village industries and other industries. But, I dare say here, Sir, here also we have failed in these sectors. Although we have spent a lot of money in respect of big industries, we have failed to develop. The small and ancillary industries should have been given more importance. A larger number of employment opportunities could have been generated for the common man in the villages. This economic generation can be done by creating big industries. It is one of the aims of the planning. There must be more employment generation because in this vast populous country there is a lot of unemployment and we cannot go on like this. Sir, two things are essential for the development of the country and harnessing our economic growth. These are human resource potential and its growth. So it is important that this sector must also be given importance.

Sir, as a student of Economics, I say today in this august House that many of the trades of the artisans have vanished. They have got no marketing facilities. They are not trained for modern marketing and new things are being developed every day. The main lacuna is planning made at the top level. There is no grass root thinking about the artisans. We do not take these factors into consideration. Sir, India lives in the villages. Village was self-contained unit for centuries and centuries. A man who was producing his goods in the villages did not go to other areas for selling. He found one market in his own villages. But now there are chellenging scenes. He has no existence in the modern society. How he can compete with the big industries in the marketing? Now, they have become beggars. You are helping only one section of the people who are becoming rich and not the artisans section who are becoming poor day by day. Until there are some socio-economic leaders for these artisans their conditions cannot improve. There is an ideal institution at Murdabad who has takeen up their welfare and development in the society. There should be some good organisations to take up their welfare measures. Take. for example, some artisans in the handloom sector, they are dying and they have become beggars in the country. Though the Government is helping them, much needs to be done for them. There is some lacuna in our planning and it has become too much of emphasis on the bureaucratic machinery in planning. I say this with all the force at my command. Sir, people's participation is lacking. Until people are involved in our developmental work, there will not be any greatest achievement and people's participation can only come when you try to honour them.

Sir, in my last speech I was telling there are many schemes but there is much leakage in the pipeline. The Government gives loans to the poor people and also subsidy and other things. But our officers think that they are giving from their pockets and through their mercy. So the person who gets it, he does not command any respectability and he has been several times to the local official and loses all sincerity in the process. He does not have the motive to do anything. All these things are there. It is not a question of party lines but it is the question of national regeneration of the planning which must go into the root cause of all the problems.

Then coming to the other thing, if we go through the P.A.C. report it is stated that under N.R.E.P. only 34.5 per cent of proposed imployment generation is lost in course of year. In spite of spending crores of rupees under N.R.E.P. why there is a shortfall in employment?

The Agricultural Refinance Development Commission say that the dues are mounting up. They have surveyed on district and found 80 per cent as oved dues. To whom we are giving benefit? So until production synchronises, until there is marketing infrastructure and until the agriculturist gets his profit's, there are going to be difficulties in our planning.

Sir, what is the difficulty in providing infrastructure? Today, I speak with a greater distress. Even now we have been thinking of providing drinking water though many years of independence have passed. It is a basic question. Of course, the Prime Minister promised that within two or three years drinking water will be provided to all the villages. But, Sir, I come from a remote area and our difficulty is that there are no rig machines to sing tube wells in hilly areas. In many cases, money is being refunded. So. these things should be looked into at the highest level. Unless these instruments are there, it will not be possible to do so. So, it must be taken up in right earnest.

Now, the Human Resource Development Minister has taken up a course in the field of primary education which is known as Operation Blackboard. It is very beneficial for spread of primary education. Primary educa-

[Shri Santosh Kumar Sahu]

tion must be spread and primary schools must be developed. New ideas must be incorporated. But the basic thing is, I was reading a report about the development of China in the newspaper. The Chairman of the Wasteland Development Board of India went to China and saw how the social forestry has developed in China. The achievement is very high because of the peoples participation. So, what I suggest is that planning must be meaningful and there should be a monitoring cell to make proper appraisal of the work done. In spite of the officials who are executing the various plans, there should be monitoring agency and the officials who are executing should not be given the charge of this monitoring agency. It should be monitored by non-official agencies body. There must be some setup so that proper monitoring could be done. I am told, there are a number of natural resources in the eastern zone. If they are exploited preperly and the industries are developed, it can bring a lot of foreign exchange as well as provide employment to millions of unemployed people. There should be proper planning to harness these natural resources. The periodical achievement part should be assessed by the monitoring agency. Wherever there are pitfalls, they must be plugged so that the fruit of planning can reach common man. We should not choke the line at the District level. It must go to the block level and at block level, it must be discussed in a general meeting. There is no harm in it. We must guarantee the rural development. We must provide the basic facilities like the roads, drinking water, irrigation and agricultural inputs. The village artisans should be encouraged to develop their skills. The small scale industries should be encouraged so that it can help in mitigating the sufferings of the rural people. These things are very essential for the growth of rural development. Whenever any industry comes up in the backward area, Government of India provide subsidy to encourage that industry. But the industrialists who get this concession, they have no sympathy for the common people. They are not interested in the social and economic development of that area. This aspect must be taken care of. The local people must be involved in these industries so that they are able to earn their livelihood. There must be sale centres for the sale of agricultural produce. Without the ancilliary industries, agriculture cannot prosper. So, special attention should be paid towards this aspect. If the local people are not associated in these industries. it would create a void and people will lose interest in the development of that area. So, they must be associated in it. This problem arises due to lack of coordination.

Lastly, I would like to submit that we are spending so much money on development but we should be able to create an emotional link among the people. We have not been successful so far in this respect. I remember, in 1884 when there had been a famine in the country, people were dying because neither they were having any power to buy food. So, the Government thought of constructing a railway link frm Madras to Calcutta. Can we not work to create an emotional link among the people from north to south, by connecting Ganga with Cauoveri? Let the people of India come and join in such programmes and N.R.E.P. and other programmes. It creates integration in the country. Our policies should be aimed at solving the social and educational problems of the villages. In other countries, I think, the rural people, the producers are better off and it is feasible, not impossible, to improve the lot of the people in India as a whole. Our plans and programmes should be directed towards solving the social and economic problems of the villagers and the tillers and the teeming millions. I hope the Seventh Five Year Plan will be implemented vigorously. Our Prime Minister has given a new direction to the Plan. If people's participation in it is encouraged and if the Plan is im-

plemented properly, I am sure, our country will also grow by leaps and bounds.

With these words, I conclude. Thank you.

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके प्रति धन्यवाद व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर सदन में चर्चा करने का मौका दिया। मैं सदन के जरिए सरकार का इस बात के ऊपर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हम कितने दिनों तक ग्रामीण अंचलों को आशीष-वचनों और सुक्तिवाद से जीवित रखते रहेंगे? हम कहते हैं कि भारत ग्रामों का देश है। भारत में 80 फीसदी से भी अधिक लोग गांवों में रहते हैं। यह एक लोकतांत्रिक राज्य है। इस लोकतांत्रिक राज्य में यह स्थिति है कि 80 फीसदी से अधिक लोगों को पीने के लिए जल नहीं मिलता है, पेट के लिए भोजन नहीं मिलता है, तन ढकने के लिए कपड़ा नहीं मिलता है और रोगी होने पर दवा नहीं मिलती है। लड़कों के लिए कोई शिक्षा का उचित प्रबन्ध नहीं है और बड़े होने पर लड़कों के लिए कोई रोजगार के साधन नहीं हैं, आवागमन के साधन नहीं हैं। यह स्थिति हमारे प्रजातंत्र की चल रही है। आप कहते हैं कि आप गरीबी की रेखा से लोगों को ऊपर उठाते जा रहे हैं। लेकिन मैं आपसे विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि आज भी हमारे देश में यह स्थिति है कि लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करते हैं, उनमें पिछड़ापन बना हुआ है। इन सब का कारण यह है कि जिस प्रकार की योजना हमारे देश में बनती है उससे आम लोगों को कोई फायदा नहीं मिलता है। जो योजना सरकार बनाती है उसमें यह कहा जाता है कि साधन जुटाये जा रहे हैं ताकि गरीबों को मदद मिले। लेकिन एक-एक योजना को आप लीजिये और देखिये कि उससे कितने लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाया गया है। वास्तव में देखा जाय तो इन योजनाओं से गरीबों को कोई विशेष लाभ नहीं पहुंच पाया है। इसका क्या कारण है। अब तो योजनाकारों ने भी इन योजनाओं पर प्रहार किया है। उनका कहना है कि योजना का चौथा खम्भा है जनता। योजना के चार खम्भे होने चाहिएं। योजना में जब तक जनता का इन्वोल्वमेन्ट नहीं होगा तब तक योजना सफल नहीं हो सकती है। इसका दूसरा क्रिटिसिज्म यह है कि हमारे योजनाकारों का दिल और दिमाग पाश्चात्य होने के कारण इन योजनाओं का लाभ आम लोगों को नहीं मिल पाता है। उनके दिल और दिमाग का पाश्चात्यकरण होने के कारण जनता को उनका लाभ नहीं मिलता है। भारतीय परम्परा और भारतीय संस्कृति से योजनाकार दूर रहते हैं। वे भारत की जाति प्रथा पर ध्यान नहीं देते। जाति प्रथा को मिटाने की हमने कोशिश नहीं की है। जाति प्रथा को मिटाने की बात तो सब करते हैं, लेकिन जाति प्रथा को मिटाया नहीं जा सका है। जाति प्रथा के अवगुणों की तरफ तो सभी ध्यान देते हैं, लेकिन जाति प्रथा से उद्धार करने की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामीण अंचलों में सब से पहले सड़कों की जरूरत होती है। पहले वहां पर जो रास्ते होते थे वे अब समाप्त हो गये हैं। एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ने के लिए और उनको मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए लिंक रोड्स की जरूरत होती है। इसलिए सबसे पहले गांवों में सड़कें बनाने की तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए। सड़कों के माध्यम से हम गांवों का विकास कर सकते हैं। दूसरी चीज गांवों में सिंचाई की व्यवस्था की जानी चाहिए। आज भी हमारे देश में गांवों में सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पाई है। आज भी यह देश आकाश की वर्षा पर निर्भर है। दुनिया के कई विशेषज्ञों, विद्वानों ने भारतवर्ष से बार बार कहा है, सलाह दी है कि सिंचाई का विस्तार किया जाय। दो वर्ष मानसून ठीक रहा तो हरित क्रान्ति

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

हो गई और अगर मौसम बिगड़ गया तो सूखा पड़ गया। तब हरित क्रान्ति कहां जाता है? पता नहीं। इसलिए आपको छोटे छोटे सिंचाई के साधनों का जाल सारे देश में विस्तारपूर्वक बिछाना चाहिए तभी इसका हिसाब ठीक बैठ सकता है। आज हम देखते हैं कि हमारे देश में कितनी खराब स्थिति है। एक ओर बंगाल-बिहार और असम हैं जो कि बाढ़ से पीड़ित हैं और देश का तीन चौथाई हिस्सा सूखे से पीड़ित है। यह देश पानी की व्यवस्था न होने से बाढ़ से पीड़ित है और सिंचाई की व्यवस्था ठीक से न करने के कारण सूखाड़ से पीड़ित है। यह बाढ़ और सूखाड़ कहां है? क्या यह विकसित शहरों में है यह बाढ़ और सुखाड़ विकसित स्थानों में नहीं है। यह ग्रामों में है। ग्रामीण विकास के लिये आपने एक मंत्रालय की स्थापना की है रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री की। लेकिन यह मिनिस्ट्री रूरल डेवलपमेंट का कोई काम नहीं कर पा रही है और यही कारण है जो बाढ़ और सूखाड़ हो रहा है। इससे निपटने के लिये सिंचाई की व्यवस्था आवश्यक है और सिंचाई के लिये बिजली की जरूरत होती है। लेकिन गांवों में किसानों को बिजली पूरी मिल नहीं पाती। आज भी बिजली के कारण, गांवों को कौन पूछे उद्योग धन्धे भी रो रहे हैं। इसलिये जब तक गांवों को पूरी बिजली की व्यवस्था नहीं होती गांवों कैसे तरक्की कर सकते हैं? आज किसानों की हालत दयनीय है शिक्षा की भी यही हालत है। आज इस देश में शिक्षा की जो व्यवस्था है वह केवल सरकारी नौकरों बड़े-बड़े लोगों और पब्लिक स्कूल और इंगलिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिये है। आज गांवों में जो स्कूल हैं डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के स्कूल, लोकल बोर्ड के स्कूल और म्युनिसपैलिटी के स्कूल इनकी स्थिति इतनी गई गुजरी है जिसका कोई ठिकाना नहीं है इन स्कूलों की बिहार में जो स्थिति है वह क्या कहें बिहार में पढ़ाई समाप्त है। अमीरों के जो लड़के दिल्ली में आकर पढ़ते हैं वे पढ़ लेते हैं लेकिन बिहार में नहीं पढ़ सकते क्योंकि वहां पर शिक्षा की स्थिति बड़ी दयनीय है। हम इक्कीसवीं सदी में सब को ले जाने की बात करते हैं लेकिन आज देश में चिकित्सा की क्या हालत है। गांवों में जो स्वास्थ्य केन्द्र बनाए हैं उन स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर नहीं हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उन स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर मिलते हैं, क्या उन स्वास्थ्य केन्द्रों में दवायें मिलती हैं? अगर इसकी व्यवस्था भी नहीं है तो स्वास्थ्य के मामले में आप इक्कीसवीं सदी में कैसे जा सकते हैं। इसलिये ग्रामीण विकास के लिये जिन चीजों का जाल हमारे पुरखों ने बुना था गांवों को स्वावलम्बन बनाने के लिये उन पर विचार करना चाहिए। जो बातें हमारे पुरखों ने रखी थीं महात्मा गांधी ने भी उन चीजों को रखा लेकिन महात्मा गांधी के नाम पर राज करने वाले उस बात को भूल गये कि गांव-गांव में कुटीर उद्योग चलें। इन उद्योगों पर वहां के लोगों की गृहस्थी निर्भर थी। लेकिन आपने आजादी के बाद गांव के ये छोटे छोटे धन्धे समाप्त कर दिये आज वे उजड़ गये। कपड़ा बनाने वाला उजड़ गया, जूता बनाने वाला उजड़ गया, हल बनाने वाला उजड़ गया, लोहार उजड़ गये, बर्तन बनाने वाले उजड़ गये, वहां पर जो पुराने उद्योग धंधे थे वे सब उजड़ते चले गये हैं। इसका परिणाम यह है कि वे लोग बेकार हो गये हैं। मैं यहां पर बार बार कह चुकी हूं और फिर कहना चाहता हूं कि जापान कोई अनोखी बात नहीं करता। लेकिन क्योंकि वहां पर उद्योगों का जाल बिछा हुआ है उद्योग फल फूल रहे हैं और वहां पर मित्सबिशी आदि जितनी भी राष्ट्रीय कम्पनियां हैं उन्होंने इनके साथ साथ अंसिलरी उद्योगों का भी वहां पर विस्तार किया और वे उद्योग धीरे धीरे गांवों तक फैल गये। जब छोटे उद्योगों को गांवों में सारी सुविधायें मिल गई तो व शहरों से बाहर हो गये। क्या इसी तरह उद्योगों का विस्तार हम यहां नहीं कर सकते? बिहार में इतनी हैवी इंडस्ट्रीज हैं। इनसे 33 सौ करोड़ रुपया सरकार को आता है। लेकिन वहां पर कोई भी अंसिलरी उद्योग नहीं पनप सका है। वहां इसको कौन लगायेगा? इस व्यवस्था

में कौन उनको लगायेगा, अपनी योजनाओं में कौन उनको स्थान देगा ? इसलिये मंत्री जी मैं आपका ध्यान इस ओर ले जाना चाहता हूं कि अब समय आ गया है कि बिहार के लिये, पंजाब ने विकास किया क्योंकि वहां पर सिंचाई की व्यवस्था हुई पहले वहां पर सिर्फ गेहूं की फसल होती थी लेकिन उसके बाद वहां पर धान और ज्वार की फसलें होने

3 P.M. लगी। लेकिन इसका समर्थन किसने दिया इसको लघु उद्योगों और मध्यम उद्योगों ने दिया। पंजाब में घर घर में लघु उद्योग हैं जिससे पंजाब का किसान सुखी हुआ। आज पंजाब में कोई चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी नहीं रहा। आज वहां खेती करने वाला नहीं रहा। आज पंजाब में खेती करने के लिए मजदूर बिहार और राजस्थान से आते हैं। आज पंजाब दूसरे राज्यों को अनाज उपलब्ध करा सकता है। इस में सरकार का प्रयास रहा जिससे उनको उन्नति हुई। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस ग्रामीण विकास का इन्फ्रास्ट्रक्चर आप को तैयार करना पड़ेगा। यह इन्फ्रास्ट्रक्चर आपको नौकरशाह नहीं बना सकते। इसलिए जो अधिकारी ग्रामीण अवस्था और ग्रामीण समस्या से स्वयं परिचित नहीं हैं उनको इन समस्याओं को अनुभूति नहीं है वह कुछ नहीं कर सकते। ग्रामीण विकास मंत्रालय को ही आप देख लीजिए। अगर सचिव स्तर पर या किसी विशेष स्तर पर आप बात करके देखें तो उन्हें क्या आवश्यकता है उन गरीबों को देखने की, उनकी क्या ममता है उन गरीबों से, क्या ममता है उन बाढ़ पीड़ितों से। आप बाढ़ पीड़ितों का हैलीकाप्टर और हवाई जहाज से सर्वे कर लेते हैं बहुत हुआ तो दुनिया दिखाने के लिए रोटी आदि गिरा देते हैं मैं यह पूछना चाहता हूं क्या इससे उनकी समस्या हल हो जाती है क्या उससे उनको रिलीफ मिल जाता है ? इसलिए मैं यह चाहता हूं कि आप एक इनफ्रास्ट्रक्चर जरूर विकसित कीजिए। उस में ग्रामीण क्षेत्र की जो वास्तविक समस्यायें हैं उनको कैसे दूर किया जा सकता है उनको दूर करने की क्या व्यवस्था हो सकती है। रास्ता क्या हो सकता है, इसलिए जब तक आप ऐसा नहीं करते हैं तब तक ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो सकता है। मैं एक ही बात पूछना चाहता हूं कि देश की शासन व्यवस्था में आजादी के 40 वर्ष बाद भी क्या हम अपने लाखों गांवों के लोगों को पीने के लिए शुद्ध जल दे सके हैं ? क्या सरकार यह दावा कर सकती है कि हम दो चार वर्षों में जहां जहां पानी नहीं है उनको शुद्ध पेयजल हम दे सकेंगे ? अब तो पार्लियामेंट के सदस्य के नाते यहां पर जो फ्लैट और बंगले हैं उनमें भी यही हो रहा है, पानी यहां भी कम आ रहा है बिजली यहां भी कम आ रही है, गांव की स्थिति के बारे में तो कौन कह सकता है ? इसलिए इनफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। हमारे पूर्व वक्ता ने भी कुछ बातें कहीं मार्किटिंग के विषय में। मैं भी यह कहना चाहता हूं कि आज आप देखेंगे तो कितनी महंगाई है। सब्जी, तेल, अनाज इत्यादि सभी चीजें महंगी हो गई हैं। लेकिन जब विचार होता है अनाज के दाम पर तो उससे लगता है कि इससे किसानों को कुछ लाभ मिलता होगा। ऐसा हमारे मंत्री जी ने कहा कि हम थोड़ा सा किसानों के लिए भी चिन्ता कर ले लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं अभी जो बाजार में चीजें बिक रही हैं इसकी कीमत क्या किसान के हाथ में जाएगी ? किसान की चीजें जब बाजार में आती है तो वह सस्ती बिकती हैं। किसान के यहां जब चीजें खत्म हो जाती हैं समाप्त हो जाती हैं और जब किसान को भी बाजार से सब खरीदना पड़ता है तो उसको भी सब चीजें महंगी मिलती हैं। अनाज की दर क्या क्या है, मूंगफली की दर क्या है, सरसों और उसके तेल की दर क्या है, अन्य चीजों का बाजार में क्या भाव हैं, इन सब चीजों के भाव देखने से आप को यह पता चलेगा कि जब यह चीजें किसान के हाथ में थीं तो सस्ती थीं और जब किसान के हाथों से निकल गई तो महंगी हो गई। किसान को इसका कोई लाभ नहीं मिलता है। अगर चीनी

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

है वह उतने में ही अपनी ईख बेचता है। इसलिए बाजार में जो दर किसान को अपनी वस्तुओं की मिलती है वह ठीक नहीं होती है। इसलिए मेरा कहना यह है कि आपको एक मार्किटिंग सिस्टम डवलप करना पडेगा। इसको डवलप करने का भी एक सूत्र है। ऐसा नहीं है कि सूत्रपात नहीं है लेकिन जिस सहकारिता द्वारा इसने ने यह करने का निश्चय किया है उस में भी आज वैस्टेड इंट्रेस्ट घुस गये हैं। अगर हम सहकारिता का विकास कर सकते तो ग्रामीण अंचलों का विकास कर सकते थे और मार्टिंटिग का हिसाब भी ठीक से कर सकते थे लेकिन मार्किटिंग का हिसाब ठीक नहीं है। पंजाब में भले ही मार्किटिंग की व्यवस्था ठीक हो लेकिन बाकी राज्यों में इसका हिसाब ठीक नहीं है। मैंने एक कृषि समिति की बैठक में पूछा कि आप अनाज का दाम अपने हिसाब से तय करते हो या पंजाब के हिसाब से तय करते हो या बिहार के उत्पादन के हिसाब से तय करते हो। पंजाब का किसान एक एकड़ में 50–60 मन धान लेता है और उसी एकड़ में 50–60 मन गेहूं पैदा करता है और बीच में मूंग भी पैदा कर लेता है। लेकिन बिहार का किसान एक ही फसल वर्ष में पैदा करता है और वह भी 10–12 मन प्रति एकड़ में पैदा करता है। अगर उसी दर से उसका दाम दिया जाएगा तो पंजाब का किसान तो ऊंचा जाएगा। लेकिन बिहार का किसान नहीं जा सकता है। मैं दो बातें 20 सूत्री कार्यक्रम पर कहना चाहता हूं 20 सूत्री कार्यक्रम को आज तक आपने सवदलीय नहीं बनाया। 20 सूत्री कार्यक्रम अगर कुछ है आज तो कांग्रेस दल का खासकर कह सकते हैं अन्यथा कुछ नहीं है। आपने किसी दूसरे दल को सम्मिलित नहीं किया। जब तक सभी दलों को सम्मिलित नहीं कर सकते हैं तब तक 20 सूत्री कार्यक्रम सर्वदलीय, सार्वजनिक नहीं होगा, एक दलीय होगा।, एक तरफा होगा। इसी तरह से मैं थोडा सा आपका ध्यान वनांचल की ओर ले जाना चाहता हूं, जहां जंगलों में हमारे लाखों करोडों, बंधु बसते हैं उनके जंगल का अधिकार ले लिया, लकड़ी काटने का अधिकार ले लिया उनके खेती करने का अधिकार ले लिया। जगलों में कोई ऐसा फल नहीं होता जिसको वे खा सकें, थोडा बहुत जो होता भी है, पैदा करते हैं जैसे लाख पैदा करते थे उसका भी दाम उनको पूरा नहीं मिलता है, रेशम कुछ विकसित होना चाहता था वह भी विकसित नहीं हो पा रहा है। आप वनांचल के लिए, वनवासियों के लिए क्या करने जा रहे हैं। संथाल परगना में एक पहाडिया जाति है, पानी के बिना मैं समझता हूं कि उस जाति का ह्रास होता जा रहा है। अगर सरकार ठीक से ध्यान नहीं देगी तो वह जाति मिट सकती है। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप जहां पर ग्रामीण विकास की बात करें तो वहां पर वनांचल में रहने वाले वनवासी मित्रों को भी बात करें। आज देखें कितनी भयावह गरीबी है। इस गरीबी के कारण हमारे वनवासियों में ईसाई मिशनरी 7 समुद्र पार से आकर उनकी गरीबी का लाभ लेकर, उनकी अशिक्षा का लाभ लेकर, उनके रोगीपने का लाभ लेकर मदद करते हैं। मदद करने की ताइद होनी चाहिए लेकिन मदद करने के बदले में धर्म परिवर्तन किया जाता है जिसे सरकार के देखने की बात है। आज भी वनांचल में सरकारी तंत्र नहीं पहुंच पाया है जो शिक्षा दे सकें, दवा दे सकें, भोजन दे सकें कपड़ा और रोजगार दे सकें। आज ग्रामीण अंचल में, महात्मा गांधी जी के बार-बार यह कहने के बाद भी कि लोग पढ़ लिख कर शिक्षा प्राप्त कर गांवों की ओर जायें लेकिन गांव की स्थिति इतनी विकट बना दी गयी है कि गांवों की ओर लौटने वाला कोई नहीं है। गांवों में जो भी अच्छे लोग हैं वे आज धीरे-धीरे शहरों को ओर भाग रहे हैं। इसी प्रकार अगर बना रहा—गांव का जीवन जिसके गीत हम गाया करते हैं, आज गीत गाने के बदले वहां पर मौत के गीत गाए जायेंगे, कलह, झगडे, गरीबी और बेकारी के गीत गाए जायेंगे। इसलिए मैं मंत्री जी से सदन के द्वारा कहना चाहता

कि सचमुच में अगर ग्रामीण विकास चाहते हैं तो एक इनफ्रास्ट्रक्चर डवलप कीजिए। विकास की योजनायें जो बनाते हैं उन योजनाकारों का दिल और दिमाग परिवर्तन कीजिए। वे विदेशी किताबें पढ़ करके, वहां से प्रशिक्षित हो कर हमारे गांवों का विकास नहीं कर सकते हैं। जहां तक मैं समझता हूं ये भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ऐसी संस्थायें भी लेबोरेटरी में रहती हैं। वे गांवों और किसानों के बीच में नहीं जाते हैं। लैंड की बात कही गयी। जैसे लैंड टू टिलर्स की बात कही जाती है उसी तरह से लैंड टु लैंड की बात हुई लेकिन किसानों के बीच में आज तक एक जो सूत्र या संबंध स्थापित करना चाहिए वह भी नहीं हो सका है। कृषि विज्ञान केन्द्र खुले उससे भी कोई लाभ नहीं हो रहा है इसलिए कि हमारी जो भारतीय कृषि अनुसधान परिषद् है उसकी नीचे तक पहुंच नहीं है। उनके दिल और दिमाग का जब तक इलाज नहीं होता है जब तक उनमें परिवतन नहीं होता है जब तक ग्रामों में रहते नहीं हैं, किसानों के बीच जाकर अनुभव नहीं लेते हैं तब तक किसानों का लाभ नहीं कर सकते हैं। इसलिए योजना मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूं कि जहां पर एक और योजना की बात है वहां पर कृषि योजना और उद्योग ये दोनों मिलकर जब हिसाब करेंगे तब इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे और उस बीच में सहकारिता का भी सहयोग लेना होगा।

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका पहली बार उपसभाध्यक्ष के रूप में स्वागत करते हुए मैं श्री बी० सत्यनरायणस्वामी माननीय संसद सदस्य, ने 7 अगस्त, 1987 को जो गैर-सरकारी प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और जो सकल्प उन्होंने लिया है —इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हमारी योजनाओं के प्रारम्भ से ही अपनाई गयी नियोजित विकास नीति के बावजूद विभिन्न विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में खामियों के कारण ...

उसके लाभ जन साधारण तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह सभा सरकार से अनुरोध करती है कि वह :—

(i) ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न कायक्रमों के कार्यान्वियन में संरचनात्मक परिचालनात्मक कमियों को दूर करे,

(ii) 20 सूत्री कार्यक्रम समेत ऐसे कायट्रत्रमों को तेजी से लागू करने के वास्ते सभी उपयुक्त स्तरों पर निगरानी निकायों की स्थापना करे,

(iii) सभी ग्रामीण इलाकों में आधार ढांचा संबंधी सुविधायें उपलब्ध करायें,

(iv) किसी विशेष क्षेत्र में उपलब्ध श्रम शक्ति और प्राकृतिक संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में उद्योग स्थापित करने की व्यवस्था करें, जिससे ग्रामीण जनता के लिए रोजगार तथा अन्य अवसरों की बढ़ोतरी की जा सके, और

(v) ग्रामीण और शहरी विकास में भेदभाव को दूर करें।"

माननीय उपसभाध्यक्ष जी इस संकल्प में भारत की आत्मा की आवाज गूंजती हुई दिखाई पडती है। सभी ने कहा कि भारत गांवों का देश है। महात्मा गांधी को अगर 1917 में बिहार में चम्पारन से किसान आन्दोलन करने का अवसर न मिलता, तो यह देश असहयोग आन्दोलन और सत्याग्रह आन्दोलन की ओर मुखातिब न हुआ होता और यह देश आज चालीस साल हुए स्वतंत्र न हुआ होता।

स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार हैं, इसका शंखनाद तिलक ने किया और गांधी जी ने आन्दोलनों के माध्यमों से गांवों को मूल ईकाई चुना अपने भारत की स्वतंत्रता का और सिकके लिए हमने स्वतंत्रता हासिल की, जिस ग्रामीण के लिए, आज हम देखते हैं कि उसके

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

भीतर और शहरों में रहने वालों के भीतर एक बहुत बड़ा अंतर आ गया है ।

हमारी सरकार ने चालीस वर्षों में बहुत कुछ किया है । मैं यह कतई मानने को तैयार नहीं हूं कि हमारी जो योजनायें हैं, वह ग्रामीणों को ध्यान में रख कर योजनायें नहीं बनाई गई हैं, लेकिन उनका कार्यान्वयन जिस तरह से किया गया मैं बनारस का रहने वाला हूं, गांव से संबंधित हूं और गांव की स्थिति जो है, वहां आज भी न सडकें हैं, न पानी है, न बिजली है, न उद्योग हैं, न शिक्षा है, न ऐसे साधन उपलब्ध हैं, जो शहरों में में उपलब्ध हैं । इसका मूल कारण है कि हमारी वितरण प्रणाली जो रही, हमारी जो योजनाएं रही, उनका कार्यान्वयन जिस रूप में होना चाहिये था, या जो प्लानिंग करने वाले बडे-बडे हमारे विचारक और विद्वान थे, उन्होने जो प्लानिंग की, एट दी स्पाट, जहां के लिए प्लानिंग होनी चाहिए, वहां खडे होकर नहीं की, बल्कि एयर-कंडिशंड कमरों में और सिद्धांतों के आधार पर की गई, समाज की आवश्यकताओं और गांवों की आवश्यकताओं को देख कर नहीं की गई ।

मुझे बडी खुशी है कि बीस-सूत्री कार्यक्रम के तहत नई सरकार ने बहुत सी अच्छी-अच्छी योजनायें रखी हैं, बहुत सी कमटियों की बैठक में--मंत्रियों द्वारा बुलाई गई मीटिंगज में भाग लेने का अवसर मिलता है । उसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि गरीबी रेखा से नीचे जिंदा रहने वाले प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को हम काम देंगे और मेरे जिले में गरीबी की रेखा से नीचे जिंदा रहने वाले एक व्यक्ति को उस योजना के अन्तर्गत आज तक काम नहीं दिया गया।

इस तरह से कागजों पर योजनायें बना कर के अगर हम संतोष कर लेंगे और प्रैक्टिस में वह नहीं उतरेंगी, तो उसका फायदा क्या होगा ? असंतोष बढेगा और हम सत्य के स्थान पर झूठे साबित होंगे ।

इसलिए हमारा दायित्व हो जाता है कि चाहे एन० आर० ई० पी० का प्रोग्राम हो, चाहे आई० आर० डी० पी० का प्रोग्राम हो, चाहे आर०एल०ई०जी०पी० का प्रोग्राम हो, चाहे लेंड रिफार्म का हो, चाहे ड्रिंकिंग वाटर का हो, चाहे रूरल हैल्थ का हो, रोड फैसिलिटीज का हो, चाहे एजुकेशन का हो चाहे इलैक्ट्रिफिकेशन का हो, इसमें जिस तरह से कार्यान्वित होना चाहिए वह सही कार्यान्वित होना चाहिए ।

उत्तर प्रदेश, बिहार, उडीसा, आदि--अभी कहां गया कि सब से अधिक गरीबी रेखा से नीचे जिंदा रहने वाले लोग, यहां के गांवों में बसते हैं और हमारी जो योजनायें बनी, प्रथम पंच वर्षीय योजना से लेकर, एक ओर तो इतना कर दिया जब हम कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिल नाडू में देखते हैं, तो मीलों-मील इंडस्ट्रियल बैल्ट है और हम एक-एक उद्योग के लिए तरसते हैं । कच्चा माल कहीं उत्पन्न होता है और उद्योग कहीं लगाया जाता है ।

आज आवश्यकता इस बात की है कि जो हमारे कुटीर उद्योग हैं, बनारस में साड़ियों का बड़ा अच्छा काम होता है और बनारस की साड़ियां विश्व प्रसिद्ध हैं । लेकिन उनका जो उत्पादन करता है, जो बुनकर हैं उनकी संख्या बनारस में कम से कम माइनारिटी कम्यूनिटी में 40 प्रतिशत है। वह गांव में करघे पर जो सिल्क के रेयन्ज हैं उनको कर्ज लेकर खरीदकर और अपनी समस्त कला को उसमें सम्मिलित करके जो साड़ियां बनाता है, उसको जो बीच का बेचने वाला है जो दुकानदार है, जो कोठी वाला है, वह बुनकर कर्ज लेता है सिल्क के थ्रेड के लिए और 4-5 दिन में पूरा परिवार मिलकर एक साड़ी बुनता है । जब कोठी में जाता है तो इतना मोल-भाव करते हैं कि वह बेचारा एक ओर देखता है कि उसके बच्चे बीमार हैं और उसकी पत्नी टी०बी० से मर रही है, उसके लिए दवा चाहिए तो और कर्ज उसे लेना पड़ेगा इसलिए वह सोचता है कि साड़ी बेचकर

ही उसको कैश करे भले ही लागत का । तीन चौथाई दाम मिले ताकि उसका बच्चा न मरे, उसकी पत्नी न मरे और उसके घर में शाम को आग जले । जो बीच में बिचौलिए हैं चाहे कोठी वाले हों, हमारी सरकारों ने कोआपरेटिव बेसिज़ पर उन साड़ियों को खरीदकर बेचने का काम किया है । उनकी हालत यह है कि सफेदपोश लोग मिलकर वहां भी टेंडर दे देते हैं और आपस में ही असली जो उत्पादक है साड़ियों के उसको वाजिब मूल्य नहीं मिलते हैं, बल्कि कुछ लोग जाली नाम पर फर्म बना करके, सप्लायर बन करके वह लाभ खा जाते हैं । तो हमारी जो योजनाएं हैं उनसे उत्पादकों को सीधा लाभ मिले । इसकी व्यवस्था जब तक नहीं होगी तब तक हम अरबों, खरबों और शंखों रुपये लगा लें उसे बीच के लोग ही खा जायेंगे वह असली जगह नहीं पहुंचेगा ।

इसी तरह हमारे बनारस में लकड़ी के खिलौने का उद्योग है । कुरैय्या की लकड़ी के बड़े अच्छे खिलौने बनते हैं । उत्तर प्रदेश सरकार को चिट्ठी लिखते-लिखते हार गया कि बिहार के जंगलों में रांची आदि के पास वह लकड़ी लेकर जला दी जाती है, उसे लेकर खिलौने बनाने वालों को दिया जाए, लेकिन आज तक उत्तर प्रदेश सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगी है, कोई एक्सीक्यूशन नहीं किया । तो इस तरह से हम अपने उद्योगों को जो कुटीर उद्योग हैं उनको स्वयं समाप्त करते जा रहे हैं । उसकी अतीत की जो महिमा और गरिमा है, उससे जो हजारों हजार परिवार पलते हैं, जो उसके उत्पादन पर जिंदा है, उनको हम समाप्त करते जा रहे हैं । भारत के अतीत का कुटीर उद्योग, ज्ञान, भाषा, साहित्य कला अगर समाप्त हो जाएगा तो भारत की महिमा समाप्त हो जाएगी । इसलिए हमें उन चीज़ों पर विशेष जोर देने की जरूरत है ।

सड़कें बनती हैं और काफी धन सड़कों के बनाने में लगता है और जो विधायक होता है, जो ब्लाक प्रमुख होता है, जो बी०डी०ओ० होता है, जो अन्य अधिकारी होते हैं वे अपने ढंग से जो योजना चाहते हैं पास करते हैं । जहां पर आवश्यकता है वहां पर आदमी टुकुर-टुकुर देखता रह जाता है । जैसे चाहते हैं वे करते हैं और उसके निर्माण में भ्रष्टाचार भी चरमसीमा पर है । दो महीने में सड़क उखड़ करके खराब हो जाती हैं । फिर उस पर मिट्टी पड़ती है । महीनों मिट्टी पड़ी रहती है । फिर मिट्टियां वहां से उठ करके दूसरी जगह चली जाती हैं । तो यह सब क्या हो रहा है ? क्या हमारी सरकार सतर्क है ? आज ही सदन में कृषि मंत्री जी ने बताया है कि हमारे यहां जो भीषण सूखा पड़ा है उसकी राहत के लिए जो रुपया दिया जाता है उसका सही उपयोग न करने वालों को देश में पकड़ा गया है 16 करोड़ का घोटाला है और उन पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है । तो जो योजनाओं के धन का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी हैं सरकार को चाहिए कि वह उनकी एकाउंटबिलिटी फिक्स करे । अगर सड़क के लिए रुपया दिया गया है और सड़क का स्थायी रूप से निर्माण होने पर उसे तीन साल तक उसको मजबूत रहना चाहिए । अगर तीन महीने में वह सड़क खराब होती है तो तुम्हारा स्थान आफिस की कुर्सी पर पदाधिकारी के रूप में नहीं होगा बल्कि तुम्हारा स्थान डी०आई०आर० के अंतर्गत जेल में जाना होगा और कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी । तब जाकर हमारे गांवों का विकास होगा ।

यदि इस देश में शिक्षा की कमी नहीं होती तो ये गांव स्वर्ग बन जाते, पूर्ण शांति रस में सन जाते । हम भैंस खरीदने के लिए जो पैसा देते हैं उसमें ब्लाक के माध्यम से बड़े-बड़े बाबू, बड़े-बड़े जमींदार लोग, बड़े-बड़े किसान लोग अंगूठे का निशान बनिहार से लगा करके बैंक से रुपया निकाल लेते हैं । ऐसे कई कसेज मेरे पास आए हैं । और जब बैंक गरीब हरिजन के पास जाता है तकाजा करने के लिए तो उसे मालूम ही नहीं

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

होता कि मेरे नाम पर रुपया लिया गया, भैंस ली गयी है। कई इस तरह की चीज हमारे सामने आयीं और वे बड़े-बड़े लोग हमारी योजनाओं को कार्यान्वित न करके उसका रुपया हड़प जाते हैं। वह चाहे किसी दल का हों, कांग्रेस का हो, लोकदल का हो, भारतीय जनता पार्टी का हो, क्रिमिनल तो क्रिमिनल हैं, इस रूप में हमें उसको देखना होगा और सत्ता की दलाली बंद करनी होगी। इसका हमने उद्घोष किया हैं, यह होगा, तभी जाकर हमारी ग्रामीण योजनाएं सफल होंगी।

पीने के पानी की समस्या है। मैंने देखा है कि गांव में एक-एक मील पर जाकर के घड़ा में, मिट्टी के घड़ों में पानी भर कर ले आते हैं। लेकिन जो ट्यूबवेल हैं खराब हैं जो नहर हैं, उससे मिट्टी निकालने को हर साल पैसा मिलता है और मिट्टी नहरों में जमा रहती है निकाली नहीं जाती। जो मजबूत लोग हैं, जब नहरों में पानी बहता है तो उसको काटकर ले लेते हैं और पानी जिसके लिए उपयोगी होना चाहिए, वह नहीं पानी पाता है। हर खेत के लिए उपयोग नहीं हो पाता है पानी का और पुलिस भी मौन दर्शक के रूप में खड़ी रहती है क्योंकि हथियारबंद लोग ऐसा काम करते हैं, पुलिस उनसे मिली होती है। उन हथियार-बंद लोगों का चाहे कितना भी बड़ा सोर्स क्यों न हो, उनका स्थान निश्चित रूप से एक अपराधी का होना चाहिए समाज में, जो पानी का केवल अपने लिए उपयोग करते हैं और गरीब जनता के लिए नहीं करने देते।

इसी तरह "काम के बदले अनाज" की योजना है। मेरे पास बनारस के दो ब्लाक में "काम के बदले अनाज" योजना का यह हाल है कि हमारे वालेंटियर्स ने, मेरी नई पीढ़ी के नए समाज-सेवकों ने ऐसा अन्न पकड़ा, जो मार्केट में ट्रक पर लद कर बिक रहा था और उसमें सब इन्वोल्व ब्लाक प्रमुख से लेकर बी०डी० ओ० तक सारे लोग थे। इस चीज को जब तक हम नहीं मिटाएंगे, तो थोड़े दिन में सारी चीज समाप्त हो जाती है। इस ओर भी ध्यान देना जरूरी है।

शिक्षा अनिवार्य सूची में होना चाहिए और ब्लेकबोर्ड आपरेशन की जो हमारी योजना है शिक्षा में 253 करोड़ की जगह 800 करोड़ रुपया इस वर्ष रखा है, लगभग चार गुना। हर गांव में स्कूल, ब्लैकबोर्ड, बैठने की जगह और दो टीचर, यह योजना है। अगर साक्षर हो गयी इस देश की गरीब जनता तो मैं बड़े विश्वास के साथ इस बात की उद्घोषणा करता हूं कि जो सत्ता के दलाल हैं, जो हमारी योजनाओं को पूरा करने में बाधक हैं, हमारी योजनाओं की लहलहाती हुई फसल को चर जाते हैं भेड़िए बनकर उनका पर्दाफाश हो जाएगा। अभी अशिक्षित होने के कारण हमारी जो योजनाएं हैं, चाहे बीस सूत्री योजना है या कितनी हमारी ग्रामीण विकास की योजनाएं हैं, इसका ज्ञान ही जिसके लिए हम बनाते हैं उसे नहीं होगा तो कैसे सफल होंगी, कैसे उसे उसका लाभ मिलेगा बीच के लोग ही इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर लेते हैं।

कृषि के क्षेत्र में हमारे उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोषणा की कि जंगल की जमीन पर जो आदिवासी बसा हुआ है, वह उस संपत्ति का मालिक होगा। एक साल, डेढ़ साल पहले यह घोषणा उत्तर प्रदेश सरकार ने की और मेरे बनारस में नौगढ़ मिर्जापुर के जंगल हैं, अच्छे जंगल हैं। वहां जंगल का आदिवासी जो वन विभाग की जिस जमीन पर अपनी झोपड़ी बना कर सैंकड़ों साल से रहता है, उसे जमीन का मालिकाना नहीं मिल सका। तो इस तरह की घोषणाएं करने का क्या फायदा है, जिसका एग्जीक्यूशन ही आप नहीं कर सकते। वन अधिकारी कहता है कि हम कुछ नहीं कर सकते। मगर मैं देखता हूं, बड़े-बड़े लोग जंगल की जमीन पर, सैंकड़ों-सैंकड़ों एकड़ जमीन पर कब्जा कर लेते हैं डण्डे के जोर पर, उनके खिलाफ कुछ नहीं होता है। लेकिन

सारा कानून उस गरीब के लिए है, जिसकी एक झोंपड़ी है और थोड़ी सी जमीन है, जहां वह अपने बाल-बच्चों का किसी तरह से पोषण पाता है ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं चाहूंगा चाहे कृषि का विकास हो, चाहे कोआपरेटिव का हो। कोआपरेटिव की हमारी जो दशा है, वह एक उद्योग हो गया है । हमने सहकारिता के माध्यम से हर आदमी को समान सुविधा देने के लिए सहकारिता आंदोलन शुरू किया था । अधिकांश स्थानों पर वह पेशा हो गया है और चुनाव करके लोग आपस में, चाहे बैंक हो या फेडरेशन हो, अपना एकाधिपत्य अधिकार बना लेते हैं । आज बहुत कम कोआपरेटिव सोसायटी ऐसी होंगी, जो कर्ज से दबी न हों । इन चीजों को कड़ाई से रोकना होगा और ग्रामीण इलाकों में मध्यम दर्जे के उद्योग लगाने के लिए खुलकर धन देना होगा । आज चारों ओर कहीं बाढ़ आयी है, कहीं सूखा पड़ा है, जमीन का पानी सूख गया है । ऐसी विषम परिस्थितियों में माननीय योजना मंत्री जी आज आपका दायित्व हो जाता है, जितने भी सामाजिक दलों के कार्य-कर्त्ता हैं, सब की और आज की विभीषिका में इस देश के हमारी सरकार ने आश्वासन दिया है कि सूखे में एक भी व्यक्ति खाने के अभाव में, पानी के अभाव में नहीं मरने पायेगा । लेकिन हमारी वितरण प्रणाली शुद्ध होनी चाहिए । हमारे बहुत से मंगल दल, युवक मंगल दल गांवों में बने हैं, उनके जिम्मे योजनाओं का काम बांटा जाए । जब विधायक और दूसरे जन प्रतिनिधि क्लेक्टर की अध्यक्षता में बैठकर काम करेंगे तब ब्यूरोक्रेसी हावी नहीं होगी? हमें एक्जेक्यूटिव हेड के लिए सरकारी कर्मचारी आधारित प्रवृत्ति को बदलना होगा । मैं योजना मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे अपनी कैबिनेट में इस पर विचार करें ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक भारत के गांवों का प्रश्न है, गांव भारत की संपत्ति हैं, भारत के दिल की धड़कन हैं । यदि गांव न होते तो भारत स्वतंत्र न होता । आज स्वतंत्रता के 40 वर्षों बाद जबकि हमारी योजनाएं बन रही हैं और हर क्षेत्र में हम क्रांतिकारी कदम उठा रहे हैं, पैसे की कमी कहीं सरकार नहीं होने दे रही है, लेकिन उसका जिस रूप में वितरण होना चाहिए, जिस रूप में सही ढंग से योजनाओं का कार्यान्वयन होना चाहिए उसके लिए हमें विजिलेंस कमेटियां बनानी चाहिए । सरकार को कुछ ऐसे कड़क कदम उठाने चाहिए जिससे जो भ्रष्टाचारी हैं, जो अत्याचारी हैं, जो जनता की इच्छाओं और कामनाओं को सरकार के माध्यम से गरीबों को प्राप्त होने वाले धन को हड़प जाते हैं, उनका विनाश होना चाहिए । तब जाकर हमारी सारी योजनाएं कार्यान्वित होंगी ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं कहना चाहूंगा, इस देश में जिसमें कि एक ओर उच्च अट्टालिकाएं खड़ी हैं और दूसरी ओर गरीबों की, दरिद्रों की झोंपड़ियों का अंबार लगा हुआ है—

विषमता की पीड़ा से त्रस्त,
हो रहा स्पंदित विश्व महान

वही सुख दुख विकास का सत्य,
वही भूमी का मधुमय दान

जिसे तुम समझे हो अभिशाप,
जगत की ज्वालाओं का मूल

ईश का वह रहस्य वरदान,
कभी मत जाओ इसको भूल ।।

तो उपसभाध्यक्ष जी, गांव-गांव में भेद न हो और इंसान इंसान में भेद न हो । जैसे हमने 18 एकड़ से अधिक जमीन रखने वाले पर सीलिंग एक्ट लगाया है, उसी तरह अर्थ के क्षेत्र में भी एक सीमा तक हो धन और संपत्ति रखी जाये तब जाकर हमारी योजनाएं सफल होंगी । गांव के बच्चों की आंखों की कोरों में जो आंसू फंसे हुए हैं, माननीय उपसभाध्यक्ष

(डा० रत्नाकर पाण्डे)

महोदय, जहां कि माताएं बच्चों को दूध की जगह गुड़ और आटा घोलकर पिलाती हैं और कहती हैं कि दूध है बेटा पी लें। हमें उनके लिए भी सोचना है ताकि व भावी भारत के प्रकाश मान स्तंभ बन सकें दुनिया के सबसे शक्तिशाली नागरिक बन सकें, इसके लिए हमें एक सीमा तक आर्थिक शक्ति सीमित करनी होगी। कानून बनाना होगा। तब जाकर डिस्पैरिटी मिटेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं श्री नारायण स्वामी जी के संकल्प का समर्थन करता हूं।

[The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai) In the Chair]

SHRI VALAMPURI JOHN (Tamil Nadu): Mr Vice-Chairman, Sir, a discussion like this one on Mr. Narayanasamy's Resolution makes Parliamentary work more purposeful, more useful and, I must say, more meaningful. It is the firm conviction of all the speakers here, and rightly so, that unless and until there is a far reaching and radical change in the rural face of India, the economic development for which the whole nation strives today would not become a reality.

Sir, the anti-poverty programmes or the poverty-alleviation programmes for which lot of funds have been earmarked, considerable increase in the outlays in every Five-Year Plan, have, in the final analysis, been reduced to only populist welfare measures. The basic reason is not far to seek. These anti-poverty programmes, with a lot of money to spend for the rural folk, for the rural masses, rightly so, make the rural folk consumers and not producers. These anti-poverty programmes in their implementation are the cutting edges, make them only consumers, not producers. Thereby, the infrastructural facilities are not available and further spurt for economic development is not provided. That is why I say, it converts the whole rural population into consumers. Finally, these measures, which should have provided basic infrastructural facilities for further economic development, further economic boom, make them only beneficiaries of welfare measures. So ultimately when there is no result for further economic development, all the money that is spent in the name of anti-poverty programmes would go into drain. The Government is conscious of the fact where the shoe pinches. We need not tender any piece of advice to the Government. They have enough of economists to find this out. They have enough experts to elicit opinion. And it is from their own reports that we find out that they themselves are convinced that there are a lot of bottlenecks and only in the implementation forum everything gets struck up. No one can say that since independence there is no development in our economy. No one says that the face of India is not changed. Even the worst adversaries of India accept for certain that there is so much of improvement, so much of development but everyone raises an accusing finger only at one thing and that is this kind of development which has come, which has become a reality because of the participation of the majority of the people who are living in the villages, in the rural areas, the benefits of this development have not percolated to them. Not that there is no development, everyone is seriously concerned, whatever we have achieved, whatever we have produced materially or otherwise, has not reached the rural people.

Now, what are the bottlenecks, what stands in the way of this kind of percolation, this is the question. I find innumerable Government reports as well as the opinion of the experts on the IRDP, RLEGP and other anti-poverty programmes, they have emphasized on one fundamental fact that there is enough production in this country, but the only problem is that the people in the rural areas are only the consumers and they are not able to produce further. The second factor is, they have no participation in this kind of welfare measure for the simple reason, that is, whatever is produced is taken away, is snatched away

unceremoniously from the people who are really contributing to the national cake, to the production.

What happens here? I come from a village, from a rustydusty village. I have the feel of the people. So, as I move with them, what I find, in the implementation of the anti-poverty programmes there are lot of bottlenecks. First of all, I will take the case of identification of targets. The targets are identified in certain States by officials, by bureaucrats themselves. In certain other States it is left to the whims and fancies of bureaucracy. They may have varied opinions but one fundamental fact remains, wherever the target groups are identified by the officials, invariably the system fails, the functioning fails, the administrative machinery collapses. Whenever there is involvement of village samiti, or village panchayat or village leaders, the system succeeds. They may have different opinion but one fundamental fact remains and that is, wherever bureaucracy is involved, officers are involved in the identification of target groups, there is complete failure of the system. When the village samities or village leaders or village panchayats give advice, when they identify that this is the family which is a unit, this is the family which deserves help, it will always succeed. I would appeal to the sensibility of the Government that when we identify the target groups, we should eliminate bureaucracy. Bureaucracy has nothing to do with this kind of rural problem because bureaucracy has got the strangest tendency in this country. They are drawn by the rural folk, but having been drawn from the villages, if ever these officers are against anyone, they are against the villagers. There class character undergoes a radical change, a farreaching change. Immediately after they enter into offices, when they enter into the garb of administration — this is a thing that has been happening in this country unabated for several years now since Independence — what we find is that an officer, a bureaucrat, a little bit educated, immediately turns against the villager, forgetting the fundamental basic fact that in his education the villager has got a main say, because but for his contribution by way of taxes, by way of manual labour, he could not have got that kind of education. But after having been educated, he turns against the interests of the same community from which he is drawn. This is the strange predicament in which we are finding ourselves today. These bureaucrats treat the villagers as wooden things. In any other country, because of the bureaucratic muddle, people would have taken up cudgels against the very system. They very system would have collapsed. There is enough anger among the people for a total change, for a sweeping change. But what happens is that the same anger of the people is divided. It has not got a focal point. If there were a focal point, all of a sudden things will totally change, sweepingly will change, radically will change. But this anger is divided, conditioned and suppressed by various factors — cultural, political, economic and religious much to the advantage of establishment. Because it is divided, the system remains there; otherwise it will not remain there. These administrators, bureaucrats — some of them — may be very nationalist, having so much of love or admiration for the village folk. But I make a charge against the bulk of the bureaucratic machinery that they have no respect for the villager because when the villager, in dusty clothes or ill-clothed with hungry, emaciated looks, approaches a bureaucrat, the bureaucrat thinks that he is some strange kind of a thing for whom there is no necessity whatsoever to show mercy. These people are not even respected because we have cases here. That is why I feel that for the successful implementation of the anti-poverty programme, when the question of identification of target groups comes, necessarily the village panchayats, sam[illegible] and village elders, despite their politi[illegible] shades, political opinions, should be involved. Instead of involving those villagers, if we go on asking these bureaucrats and officers, as is happening in certain States in India today, then necessarily

these anti-poverty programmes and a lot of measures that we take to change the rural face of India will not yield any kind of benefit.

Apart from this identification, what happens is that we are under a mistake notion that there is enough publicity for our anti-poverty programmes. We have a kind of mistaken impression, I think purposely we think that whenever we know something, possibly every one of us knows it. This is a kind of ivory-tower living. Let us go to the villages. If there are a thousand people or two thousand people, not even one per cent or two per cent are aware of the programme. The awareness is lacking in the villages. This is my personal experience. I go to my own village. There are a thousand people. You ask any elder. Even if he is enlightened, he will not be able to say if there are such programmes. He is uneducated. He may not be able to spell out exactly what the programmes are, how they are functioning, what part is being implemented, who are their beneficiaries. He will not be able to say that. And I do not expect from him all this explanation. But they are totally unaware of the programmes! This is because these programmes are not publicised properly. They do not know whether such programmes exist for them. Then there is no agency today. I know for certain that there are agencies to monitor and they are not monitoring. But apart from the absence of monitoring agencies worth the name, what is happening is that there is no voluntary agency or any other governmental agency to tell them properly that they can get money from the banks, this much money they can get for this purpose. This purpose is not identified — why should someone get money, for what purpose one could get money? There is no agency today to tell them point blank that they could take up this avocation and for this purpose they could get money, for this purpose they could apply and through this they could improve their lot and finally they could contribute towards infrastructural facility or towards making real assets in rural India. There is no agency as such to tell them properly. Afterwards what happens is, in the banking sector they are not able to come. Sir, I have a hundred cases to recite here.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Last point only. I will tell you why. We have got only 80 minutes and if we do not complete this today, then the Resolution lapses. We are all interested to hear the Minister also. That is why I request the honourable Member to conclude now.

SHRI VALAMPURI JOHN: I have something to tell, Sir. Even today, in the city of Madras, I have seen, cobblers are not permitted into the nationalized banks. This is not a story I have brought to this House. I have a personal experience. Suppose we telephone the Manager of a nationalized bank at a certain branch in the city of Madras or anywhere, that a certain cobbler is coming, because a cobbler is an untouchable to this man he is not allowed to enter the sacred precincts of the banking institution. In a nationalized bank this happens. We are compelled to write to Mr. Janardhan Poojari and I am happy — I am impelled to say—that from his level comes a recommendation for Rs. 3,000 or Rs. 5,000 for cobblers. The psychology of the bankers has not changed. I find that most of the bankers in the nationalized bank sector are behaving like money-lenders. They never think that the bank is a common concern, that it is a people's bank. Still they are under a mistaken impression, a wrong notion, that it is a money-lender's private affair. That is why, whenever these people — untouchables still — approach them even for a form, they are denied — flatly and unceremoniously denied. And why are they denied? The bank's staff working there, though they are a working class, as someone says, they are a privileged class. What happens is, they don't share the agony and misery of the people who approach

them. Really what happens in these branches is, when a man approaches for a loan of, say, Rs. 20 lakhs, they are prepared to give him because there is cut money for them. There is nothing to hide; it is a fact. But when a poor man, an untouchable, a fisherman, a wood-cutter, a landless agricultural labourer — with some kind of an avocation, some kind of imaginative skill to come up in life — approaches them for a small loan of Rs. 3,000 or Rs. 5,000, he is not encouraged, he is not even issued the application form for the simple reason that from a man who applies for a loan of Rs. 20 lakh they can have this cut money and not from this poor man. Or, even if they approach in a cluster, say 40 or 50 people, nothing comes thereby from the bankers and they are shut out.

Sir, I am from a coastal area. You make a lot of claims but I tell you, a day will come when the whole world will realize that everything has become a farce. I am from a seashore area where lakhs of fishermen are living. If you make a survey today, I challenge the Minister — and I make this challenge directly — among the bulk of the population who are fishermen in my area of Tamil Nadu, you will not be able to find even two per cent of fishermen who have been benefited because of his anti-poverty programme. They are not encouraged. For a landless agricultural labourer, at least he has got a master to settle scores with. He has a bargaining power. Maybe he is not segment in the organized sector, but at least at the time of harvest he can go and plead with his landlord saying that he will not come for this harvest because he was not paid enough during the last harvest. He can say that he will come only if he is paid enough. This is the bargaining power that the landless agricultural labour has got. But what happens for a fisherman is, he has no master. The elements are his only master. If he fights with the elements, it is not necessary that it would yield any results. Only his wife and children will be in tears. To such people bank finance is denied and denied unceremoniously. I am not charging this Government without any basic foundation. If you make a survey today, you will find that even two per cent of the fishermen are not given this benefit. They speak of the National Welfare Fund and other programmes. They say they are like Scheduled Castes and Scheduled Tribes. But in most of the States they are not Scheduled Castes or Scheduled Tribes but they are secluded castes, a secluded community. They are not given any finance, they are not even given an application form to have access to the banking institutions. They have become so sacrosanct where even an *Adi Dravida* has no entry. This has come to pass. So I would like to ask the Minister, when he is making a claim that the anti-poverty programmes are going to change the face of rural India, he must see how the backward classes, Scheduled Castes and Scheduled Tribes and fishermen, how these classes have been denied entry into the banking institutions even to receive a application form. Sir, I would like to say....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please conclude.

SHRI VALAMPURI JOHN: One minute. You speak of village industries. But I would like to ask a very pertinent question. When you speak a lot about the village industries, about the improvement, the uplift of the rural areas, I will ask only a small question. The production of small items like *appalam*, *vadam* which have given employment to lakhs of women in my State or in the neighbouring State, who has entered? The TTK Co. has entered. If this Government allots manufacturing of noodles, *appalam*, *vadam* which could give employment to lakhs of women, to the TTK Co. I do not know what sort of socialist philosophy you are propounding here. Again, I would say, pickles in a particular district would have given employment to 12,000 women. But the production of pickles today has been unceremoniously snatched from the village folks. It has been given to whom? The Tatas,

[Shri Valampuri John]

the Birlas, the Hindustan Lever have taken it. They are manufacturing them. They have taken up manufacture of pickles today. What happens is this. You go in for mass production but not for pickles. You go in for mass production, but not for production for the masses. You say that the village industries are thriving, the village India is changing, the rural face in changing. All tall claims are made. Traditionally these avocations have been the mainstay of the villages, poor villages, unfortunate villages. From the hands of the villages you are snatching away everything and giving to bigger companies. Bigger sharks are entering even in pickles, *vadam* Small men, poor women, unfortunate women have been earning something. But you have been completely depriving them of their basic, fundamental livelihood. And then you come and say that all these programmes, anti-poverty programmes will help them in a very big way.

Sir, there are countries like the Philippines where voluntary agencies have proved time and again in the history of those nations that voluntary work would necessarily change the face of India There are a lot of companies. You could have asked them necessarily to adopt villages.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please conclude now.

SHRI VALAMPURI JOHN: One minute, Sir.

There is so much to be said against bankers and against the bank employees. I find, for example, there is a certain branch in Teynampet, of the I.O.B., the Indian Overseas Bank. I can pay a lot of encomiums to them. Ten villages they have adopted. I have seen them. Every village has got a school. Out of voluntary effort if a branch of a bank adopts five villages, ten villages, they can do so. Only political will is necessary. Programmes are there, administrative machinery is there, money is there, but only the political will is lacking.

We think, possibly our people are ignorant. It is not so. Recently I read Borlaugh, the great agronomist, the Nobel laureate. He says, "If at all there is any agriculturist in the whole world, I have my salutation only for the Indian farmer, *only for the Indian villager.*" He cites the reasons saying that a small Mexican dwarf variety of wheat which was refused for experimentation in the United States and in Philippines, is accepted by the Indian farmer receptively. He goes on experimenting. Our people are receptive.

Otherwise, in no other country would family planning have been a successful venture with so much of superstition and religion. In America, 45 years back, Margaret Sanger was arrested for coining the phrase "family planning." "Family" and "planning" are two words. But there was a woman named Margaret Sanger who coined it. While such a country, a scientifically advancing country, could take so much of step against the women who coined the word, this country has accepted family planning despite superstition and religious beliefs. With all the darkness, this country is receptive. Our villagers are so receptive. They are for changes. The only thing is that this Government lacks the political will. And only when the political will come to this Government do I think that most of the programmes we undertake, most of the projects we undertake will, if not today, tomorrow or some other day definitely change the face of the rural India. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I would request Members. We have got about seventy minutes. At 4.30 I will ask the Minister to reply. Otherwise, what will happen is....

SHRI VALAMPURI JOHN: My reply is this. What you say is correct. But, when there are ten speakers, you do not have a kind of equity among them. For one you allow 20 minutes for others 10 minutes. Why don't you plan it earlier?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): That is correct. It should have been done. So, that is why at 4.30 I will ask the Minister to reply. Meanwhile, there are still eighth speakers, and we have got about 40 minutes. So, I request the Members that nobody should speak for more than five minutes so that he will be able to reply. Otherwise, he will not be able to reply. Then, the whole exercise will not be of any help. We want the reply by the Minister also. Therefore, I request the hon. Members not to speak for more than five minutes.

श्री केशव प्रसाद शुक्ल (मध्य प्रदेश) : अगर पांच मिनट से ज्यादा नहीं देते हैं तो मेरा नाम क्यों काट दिया गया है । मैं भी पांच मिनट बोलना चाहता हूं ।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, ...

श्री राम नरेश कुशवाहा (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, एक मेडन स्पीच भी होने वाली है श्री ओम प्रकाश चौटाला जी की तो उस में कैसे प्रतिबन्ध रखा जाएगा ? उनको तो समय दिया जाए ।

श्री सुरेश पचौरी : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे सम्मानित साथी श्री नारायणसामी जी ने जो संकल्प प्रस्तुत किया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । आज देश के नियोजन की सब से बड़ी चुनौती उन 37 करोड़ लोगों को सम्मानजनक ढंग से रोजी रोटी उपलब्ध कराने के लिए है जो कि गरीबी की रेखा से नीचे हैं और इसका बहुत बड़ा भाग जो है वह रोजगार से पीड़ित भाग है । यदि इन लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के बारे में सरकार प्रमुखता से विचार करे तो इस चुनौती का बड़े कारगर ढंग से सामना किया जा सकता है । मान्यवर, महात्मा गांधी ने कहा था कि यदि सही भारत को देखना है तो वह गांवों में जा कर देखना होगा । आज हमारे देश में 5,84,982 गांव हैं, यदि इन गांवों की स्थिति सुधार दी जाए, यदि इन गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को सुधार दिया जाए तो इस देश का अधिकांश भाग अपने आप ही सुधर जाएगा । गांव के जीवन स्तर को सुधारने के नजरिये से गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रूरल डवलपमेंट प्रोग्राम भारत सरकार के द्वारा चलाया गया । इस रूरल डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कई प्रोग्राम चलाए गये हैं । आई०आर०डी०पी०, एन०आर०ई०पी०, आर०एल०ई०जी०पी०, डी०डब्ल्यू०सी०आर०ए०, डी०डी०पी०, डी०पी०ए०पी० यह सारे प्रोग्राम ऐसे हैं जिनका सम्बन्ध ग्रामीण जनता से है और खास कर के उन नौजवानों से है जो रोजगार की समस्या से पीड़ित हैं । लेकिन इसके लिए हम को कुछ अपना नजरिया बदलने की जरूरत है । गांवों को हम को यह नहीं मानना चाहिये कि यह एक दीन-हीन चीज है जो एक मसीहा की प्रतीक्षा में है । यदि हम गांव में जाएं और यह सोच कर जाएं कि हम मसीहा बन कर जा रहे हैं तो 1987 की तारीख में गांव वालों को मसीहा का इन्तजार नहीं है। अब हम को इस रूप में वहां जाना होगा कि हम न केवल उनके दुख दर्द को सुनने जा रहे हैं बल्कि हम उनके दुख दर्द दूर करने जा रहे हैं उनकी समस्याओं के निवारण के लिए जा रहे हैं । हमने कई कार्यक्रम बनाए जिनका मैंने अभी जिक्र किया लेकिन हमें उन में पर्याप्त सफलता नहीं मिल पाई है । उसकी जो वजह थी वह प्रमुख रूप से यह थी कि विकास के कार्यक्रमों को जन आधार काफी कमजोर मिला और राजनीति और विकास दोनों साथ साथ नहीं चल सकते । राजनीति सत्ता और चुनाव के लिए होती है लेकिन विकास के कार्यक्रमों में हमें राजनीति,

[श्री सुरेश पचौरी]

का सहारा तो लेना चाहिये लेकिन राजनीति के ऊपर चढ़ कर विकास के कार्यक्रम सफल नहीं हो सकते हैं एसी मेरी मान्यता है। ये जो ग्रामीण विकास कार्यक्रम बनाए गये उनके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिन लोगों को दी गई उनकी निष्ठा और लगन के बारे में भी प्रश्नवाचक चिन्ह लग गया और जब उनकी निष्ठा और दृढ़ निश्चय के बारे में प्रश्नवाचक चिन्ह लग जाए तो जो अपेक्षित सफलता है वह नहीं मिल पाती है। इसलिए यह आवश्यक है प्रभावकारी क्रियान्वयन हेतु सतर्कता बरती जाए और सुदृढ़ योजना बनाई जाए। आई०आर०डी०पी० का उद्देश्य गरीब परिवारों के लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का है। 6ठी योजना में 1662 करोड़ रुपये लगभग एक करोड़ 65 लाख निर्धन परिवारों को बांटे गये और 7वीं योजना में 2358.81 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। ठीक इसी प्रकार एन०आर०ई०पी० के अंतर्गत 6ठी योजना में 177 करोड़ रुपये का प्रावधान है, आर०एल०ई०जी०पी० के अन्दर 26 करोड़ 27 लाख श्रम दिनों के रोजगार सृजित करने की बात कही गयी है। गांवों की जो प्रमुख समस्या है, ग्रामवासियों की वह है शौचालय की, इसकी व्यवस्था करने के लिए 7वीं पंचवर्षीय योजना में सरकार ने प्रावधान रखा है जिसके तहत 5 लाख शौचालय बनाने की बात कही गयी है। लेकिन इसका कितना इम्प्लीमेंटेशन हो पाता है यह देखने की बात है। जहां मैं नारायणस्वामी जी के इस संकल्प पर बहस कर रहा हूं वहीं मैं यह भी कहने की इजाजत चाहूंगा कि गांवों में जो अन्य दीगर समस्याएं हैं उनमें शौचालय की प्रमुख समस्या है क्योंकि गांवों से जंगल कट गये हैं। जहां गांवों में पानी की, बेरोजगारी की, खाद की, बीज की समस्या है जहां गांवों में अन्य और समस्याएं हैं वहां प्रमुख समस्या शौचालय की है इसलिए इस संकल्प पर जब विचार हो रहा है तो माननीय योजना मंत्री जी इस समस्या पर विशेष विचार करेंगे ऐसा मेरा विशेष रूप से आग्रह है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई)** : अब लास्ट पाइंट।

**श्री सुरेश पचौरी** : वित्तीय आवंटनों और वास्तविक लक्ष्यों में असमानता खत्म होना बहुत जरूरी है। इम्प्लीमेंटेशन के लिए जो एक और महत्वपूर्ण बात है वह है बेनीफिशरीज के सिलेक्शन की। सिलेक्शन फाल्टी नहीं होना चाहिए। जो बेनीफिशिरीज हम लोग बनाते हैं तय करते हैं वह केवल आंकड़े नहीं होने चाहिए। मान्यवर, मैं आपका ध्यान एक किस्से की ओर ले जाना चाहता हूं कि एक गांव में एक मां, जिसका बच्चा शहर में पढ़ता है उसने गांव के एक आदमी को जो शहर में जा रहा था उससे कहा कि भाई ये 10 लड्डू लेकर जाना और मेरे बच्चे को दे देना। उसके प्रत्येक लड्डू का वजन एक-एक किलो था लेकिन जिसको वह जिम्मेदारी सौंपी गयी उसने उस शहर में पढ़ने वाले मां के बालक को दस लड्डू तो दिये लेकिन थोड़ा हिस्सा निकालकर ले लिया, मात्रा में 10 ही थे लेकिन वजन कम था तो सवाल इस बात का है कि आंकड़ों की खाना पूर्ति कर रहे हैं लेकिन उसकी मात्रा कितनी है यह देखने की बात है। 81 से 85 तक यदि यह बात हम कहें कि 18.85 करोड़ लोगों को लाभान्वित किया गया तो हमें यह देखना चाहिए कि लाभान्वित किये गये लोग क्या उस कैटेगरी में थे जो एन०आर०ई०पी०, आर०एल० जी०ई०पी०, डी०पी०ए०पी०, डी०डब्ल्यू०सी० आर०ए० आदि के अंतर्गत आने चाहिये थे। इसलिए बेनीफिशरीज के सिलेक्शन पर सतर्कता बरती जानी बहुत जरूरी है। भूमि सुधार योजना को भी मूर्त रूप देना काफी जरूरी है और इसके लिए एडमिनिस्ट्रेटिव अरेंजमेंट में सुधार करना बहुत जरूरी होगा। साथ ही यह सब तब हो पाएगा जिस उद्देश्य से 20 सूत्री कार्यक्रम हमने बनाया है जिस मकसद से हमारे नेता ने 20 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की है वह तब पूरा हो पाएगा जब इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी जवाबदेह हाथों में देंगे। पंचायत राज की सार्थकता तब पूरी हो सकती है जब कि यह पावर ग्रुप वेस्टेड ग्रुप के क्लचेज से हटेगा और वालंटरी एजेंसीज का पूरा इन्वाल्वमेंट होना

रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम में काफी जरूरी है।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : नाउ लास्ट पाइंट ।

श्री सुरेश पचौरी : डिस्ट्रिक्ट एवं ब्लाक लेविल से करप्शन के चेक हेतु विजिलेंस एजेंसीज होना बहुत जरूरी है और रूरल एरियाज की जो सम्पत्ति है वह ग्रामीण अंचल से शहर में न जाने पाए इस माइग्रेशन को रोकना बहुत जरूरी है और इसलिए जो वहां रा मैटीरियल या अन्य सुविधाएं, कम्युनिकेशन की रूरल इंडस्ट्रियलाइजेशन की हैं इन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है और इसके लिए आवश्यक है कि बैंकों को निर्देशित किया जाये कि वे रूरल एरियाज में स्माल स्कीम्स में ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्ट करें ।

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am really very happy that our young friend has introduced this resolution and so much discussion has taken place. I would like to say one thing, whether it is development or whatever it may be, our society has gone in a full cycle. There were unequal trades. At the same time,

4.00 P.M.

there were investments. Now, the cycle has fully turned. Today, we have capitalists who have got only five per cent stake or less than five per cent in the big industrial empires and who have got accounts in foreign banks to the extent of thousands of crores. You are allowing their money to be in foreign banks. That means outflow of capital. Capitalist development in this country is dying out and nobody can protest it because of the decay of the system. Every speaker has referred to that and that is reflected in the present situation which has developed in the country. We have our plan, programme, project or whatever you call it. Without nationalising of the means of production and distribution, and handing them over to the private agencies which have dominated trade and agriculture, the planners think that by having these development plans, they can deliver the goods. By repeating the name of "Rama", you cannot get 'punya'; by doing a good deed only you get 'punya'. You allow the capitalists to loot; you allow them to accumulate black money; and you also allow them to send their capital out. Then how do you expect these plans to succeed?

Drought is a very important problem. Flood is a very important problem. Yesterday and day-before-yesterday, it was stated that this Government is not in a position to come to the aid of anybody in Bihar. They were telling that in spite of millions of people suffering from floods, there was not even one relief camp. This speaks very badly of the Government. I appreciate my colleague who has introduced the resolution in good faith thinking our development plan can deliver the goods. But when we see what is happening in this country, we are aghast. Where are we? We are telling about corruption and black money. For licence they are paying money. For anything they are prepared to pay money. For a paper to move they are paying money. For getting a certificate, they are paying money. Like this, the entire system has become corrupt. We are just aghast. Poverty in our country is so appalling. We do not have pulses. Our nutrition standards are very poor. Without Protein our people cannot be nourished. We do not have edible oil. In these circumstances, we cannot have a balance. Sixty to seventy per cent of people suffer for want of Protein. As a doctor, I can say, about 100 million children are suffering under Protein deficiency. every year. Out of them, according to statistics, about three lakh are going blind because of Vitamin A deficiency. This is the particular circumstance in which we have to plan.

Then about villages. We are talking about villages. Our big shots stride our villages because they want their trade to grow, their articles to be sold like the Britishers. That is why we had the Khadi movement. But where

[Dr G. Vijaya Mohan Reddy]

is Khadi Movement when we are in for terylene? Our villages are now in utter starvation and poverty. Sometime back, our villages used to prosper and the village industries used to flourish. Now, are village industries there? You are not able to check the feudal interests in the country. You allow them to run amuck. The property of the Nizam has been left to be used by them, to exploit the people. Rajas became Rajapramukhs and crores and crores of rupees were stashed away. If they had been expropriated, do you think we would have been deficient in capital in our country? Ours is the richest country in the world both in natural resources and in capital formation; yet, nothing is done. Today 40 per cent of our corporate sector is estimated to be under the ownership of, under the control of, multinationals. When 40 per cent is under multinationals, what self-reliance are you talking of? What have you implemented in this country? Workers are exploited. There is no participation of the working class in the management. The wages of the workers are going down; the agriculturist is becoming poorer and poorer because there is no protection afforded to him. He is exploited by trade. You are mopping up all capital and destroying the villages. Even food processing units of pappads and pickles are given away to big business and multinationals because they are combined. We see TV advertisements. Even for manufacturing toothpaste multinationals are there. In this situation I do not know how we can implement the four postulations of our friend. If only we can implement them, our country will go a long way in development and progress. Then only we can really be happy. Otherwise, as things stand, I think the crisis is deepening. The people will have to rise and demand implementation of the schemes and programmes. With these words I conclude. Thank you.

**श्री केशव प्रसाद शुक्ल :** उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस सदन में अपने विचार प्रकट करने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। समय आपने बहुत कम दिया है इसलिए मैं संक्षेप में अपने विचार प्रस्तुत करूंगा। सन 1952 से हमारे देश मे पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से सर्वांगीण विकास करने की दिशा में कदम उठाए गए और हमारी 6 पंचवर्षीय योजनाएं खत्म हो चुकी हैं और अब हम सातवीं पंचवर्षीय योजना में चल रहे हैं। इस बीच में अगर हम गांवों की ओर देखते हैं तो उनका जो विकास हुआ है और ग्रामीण विकास की जो योजनाएं बनाई गई हैं उनका कार्यान्वयन ठीक से नहीं हुआ। इस संबंध में जो यह प्रस्ताव मेरे भाई नारायणसामी जी ने रखा है उसका मैं हृदय से समर्थन करता हूं। वास्तव में हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारे देश के 7 लाख गांवों में देश की 80 प्रतिशत आबादी है जिसका मुख्य धंधा खेती है और उस खेती के धंधे का विकास करने के लिए जो योजनाएं बनीं उनका अभी तक कार्यान्वयन ठीक से नहीं हुआ। इसलिए जो उन्होंने कहा है कि हमारी योजनाओं का कार्यान्वयन ठीक से नहीं हो पा रहा है और उनको कार्यान्वित कराने की दिशा में कदम उठाएं तो वह बिल्कुल ही यथार्थ है और मैं इसका समर्थन करता हूं। मैं योजना मंत्री जी से कहूंगा कि कृषि और सिंचाई के साधनों के विकास के लिए और उसकी योजनाओं का कार्यान्वयन हो, इसके बारे में आप सख्ती से कदम उठाएं। क्योंकि हमारे देश का जो विकास है उसको तीन प्रकार के लोगों ने अवरुद्ध कर रखा है, भ्रष्ट मुलाजिम, भ्रष्ट राजनैतिक नेता और भ्रष्ट व्यापारी। इन तीनों की तिकड़ी बन करके ये हमारे देश का आर्थिक विकास अवरुद्ध किए हुए हैं, इसको खत्म करना होगा तभी हमारे देश का विकास हो सकता है। अगर हम अपने गांवों के विकास को देखें, एक-एक मद को देखें और अगर हम शिक्षा की मद को लें लें तो आज गांवों में शिक्षा की बड़ी दुर्दशा है। वहां पर पाठशालाएं नहीं हैं, लड़कों के बैठने के लिए जगह नहीं हैं, चार महीने बरसात हुई तो

गांवों के स्कूल खुलते ही नहीं हैं, क्योंकि बच्चों के बैठने के लिए जगह नहीं है, पाठशाला नहीं है। उसके बाद वे पेड़ के नीचे क्लास लगा लेते हैं। इस प्रकार शिक्षा का स्तर नीचे गिरता जा रहा है। गांवों में शिक्षा का स्तर कुछ नहीं रह गया है। शहरों की अपेक्षा गांवों की स्थिति बड़ी दर्दनाक है। मैं इस ओर ध्यान आकर्षित करूंगा कि शिक्षा के विस्तार के लिए जो वायदा किया है कि प्राइमरी शिक्षा को अनिवार्य करेंगे और आज तक अनिवार्य नहीं कर सके उसे पूरा किया जाए। हमारे यहां गांवों में जो गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोग हैं उनके बच्चे 7 साल की अवस्था से लेकर 14 साल, 15 साल, 18 साल की अवस्था तक ढोरों को चराते हैं। हमारे मध्य प्रदेश में उनको वरेदी कहा करते हैं। वे ढोरों को चराने का काम करते हैं और वे पढ़ने नहीं जाते हैं। अभी तक प्राइमरी शिक्षा को अनिवार्य नहीं कर सके। प्राइमरी स्कूल हर गांव में नहीं बन सके और छह पंचवर्षीय योजनाएं बीत चुकी हैं। हमने अभी चालीसवां अपना स्वतंत्रता दिवस मनाया लेकिन इन चालीस वर्षों के बाद भी हमारे गांव की जनता जहां थी वहीं है। इसका कारण है, हमारी जो योजनाएं बनती हैं जैसा मेरे दोस्तों ने कहा, यह वातानुकूलित कक्षों में बैठकर बनाई जाती हैं। आज सावन-भादों के महीने में चले जाइए मध्य प्रदेश के किसी ईंटीरियर गांव में, अफसरों को भेजिए, वहां घुटनों तक कीचड़ होती है, जा नहीं सकते। वहां आप लोगों की हालत देखिए, वहां कोई गांव में अगर बीमार हो जाय तो उसको शहर तक पहुंचाने के लिए कोई यातायात का साधन नहीं है। ऐसी गांवों की हालत है और ऐसी दशा में अगर गांवों के विकास की बातें कहते हैं तो बड़ी शर्म की बात है।... (**व्यवधान**)

यह तो शिक्षा के बारे में मैंने कहा। स्वास्थ्य के बारे में जैसा मैंने बताया, हमारे यहां प्राइमरी हैल्थ सेंटर तक नहीं हैं। जो हैल्थ सेंटर गांवों में बने हैं, वहां पर डाक्टर नहीं जाना चाहते क्योंकि वह शहरी विकास वाले हैं, उनकी पढ़ाई शहरों में होती है गांव में जाना नहीं चाहते। हमारे यहां जो गांव में लोग हैं, वह बिना दवाई के मर रहे हैं। इसके लिए आज तक हम कोई उपाय नहीं कर सके हैं कि कम से कम गांव के लोगों को स्वास्थ्य के लिए दवा दे सकें, डाक्टर दे सकें। हमारे यहां तो यह स्थिति है कि वहां दाइयों की भी व्यवस्था नहीं है जो कि प्रसवकाल में किसी स्त्री की सहायता कर सकें। ऐसे हमारे यहां सेण्टर नहीं हैं जो कि बहुत जरूरी हैं इस विकास के युग में। जब हम यह कह रहे हैं कि हम भारत को इक्कीसवीं शताब्दी में लेकर जाएंगे, तब हमारे गांव की जो हालत है, वह मैंने बताई, वहां बच्चा पैदा करने के लिए भी व्यवस्था नहीं है ... (**समय की घंटी**)

अभी तो कई एक महत्व की बातें हैं। दो-तीन पाइंट और कहना चाहूंगा। पेय-जल की समस्या को ले लीजिए हमारे यहां इस साल जो सूखा पड़ा हुआ है मध्य प्रदेश में इतना बड़ा सूखा पहले कभी नहीं पड़ा। हमारे यहां का जल-स्तर नीचे चला गया है। इसके लिए जो आपकी योजनाएं बनीं; उससे भी वहां पेय-जल नहीं दे सके मेरा यह सुझाव है कि हमारे पूर्वजों ने जैसे पहले ही इस पेय-जल की सुविधा के लिए तालाब बनवाया करते थे, हर गांव में तालाब होते थे, कोई गांव ऐसा नहीं होता था जहां कम से कम एक तालाब न हो और उस तालाब में पानी इकट्ठा करने से जल-स्तर नीचे नहीं गिरता था उसका एक कारण यह था, तो मैं योजना मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उसी तरह राहत-कार्य के अंतर्गत तालाबों की मरम्मत कराइए ताकि गांव वालों को पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सके और साथ ही सिंचाई के लिए भी। यह मेरा एक सुझाव है कि गांव में जो तालाब हैं उनको सरकारी कर दीजिए। आपके जो राहत-कार्य चल रहे हैं जो आप सड़कें बनवाते हैं, जो बह जाती हैं, उसकी

[श्री केशव प्रसाद शुक्ल]

जगह तालाबों की मरम्मत कर दीजिए तो वह आपकी सपत्ति हो जायगी और इसे सरकारी कर दीजिए ।... (**समय की घंटी**)...

जहां तक बिजली का सवाल है, हमारे गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंची । बस अभी खत्म करता हूं ।

एक चीज और है कि हमारे यहां जो किसानों की पैदावार है, उस पैदावार का सही मूल्य उसे नहीं मिल पाता है । इसके लिए जैसा मेरे कुछ दोस्तों ने कहा उसकी हालत को सुधारे और उसको सही मूल्य दिलाने की व्यवस्था करें । उत्पादक और उपभोक्ता दोनों लूटे जा रहे हैं, जो दलाल होता है, वह कम दाम पर गल्ला खरीद लेता है, पूरा सामान खरीद लेता है और महंगे दाम पर बेचता है । इसके लिए आपको गांव-गांव में, पंचायत में एक स्टोर कायम करना चाहिए, जहां किसान अपना अनाज रख सके और समय आने पर बेच सके । कुछ सहकारी माध्यम से ऐसा कर्जा दे दीजिए, जिससे वह अपनी पूर्ति कर सके ।

कुटीर उद्योगों का भी जाल आपको बिछाना होगा, यह भी बहुत जरूरी है । हमारे गांव जो हैं, उनके लिए हमारे महात्मा गांधी जी ने ग्राम स्वराज्य का सपना देखा था कि हमारे गांव आत्म-निर्भर होंगे । हर गांव में जो कुटीर उद्योग हैं, उसके लिए भी हमारे यहां कोई व्यवस्था नहीं है जहां तक गरीबी उन्मूलन का सवाल है, उसमें जितना पैसा जाता है, वह इन्हीं तीन तिकड़ियों में, जैसाकि मैंने बताया, बंट जाता है और उसका कार्यान्वयन नहीं हो पाता । मैं श्री नारायण स्वामी जी के संकल्प का समर्थन करता हूं कि आपको ठोस ढंग से आवश्यक कार्यवाही करनी होगी ताकि आपकी योजनाएं ठीक से क्रियान्वित हों । आपकी योजनाएं तो अच्छी हैं, पैसा भी दिया जाता है, लेकिन कार्यान्वयन ठीक से नहीं होता है । मैं यह जो प्रस्ताव रखा गया है, इसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं ।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला** (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे श्री नारायण स्वामी के इस रेजोल्यूशन पर अपनी बात कहने का और राज्यसभा का सदस्य चुने जाने के बाद पहली दफा आपने यह अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका हार्दिक धन्यवाद करता हूं । उपसभाध्यक्ष महोदय, यह विषय मेरी रुचि का विषय है । मैं गांव से सम्बंधित आदमी हूं । मेरा गांव में जन्म हुआ है और गांव में ही मेरा पालन-पोषण हुआ है । आज जो गांव की हालत है, वह सबसे ज्यादा दयनीय है। श्री सोहनलाल द्विवेदी जी ने सही कहा है कि, "हमारा हिंदुस्तान गांव में बसता है ।" "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की भी यही मान्यता थी कि असल भारत गांव में रहता है । लेकिन जिस तरीके से गांव को आज नजरंदाज किया गया है उससे गांव पिछड़ गए हैं । औद्योगीकरण के नाम पर इस देश का 80 प्रतिशत रुपया गांव के विकास के बजाय शहरों पर खर्च किया गया है । उसका परिणाम यह निकला है कि गांव उजड़ गए हैं । हमारी उम्र तक के लोगों को अच्छी तरह से याद है पहले गांव का माल शहरों में आया करता था और शहर का पैसा गांव में जाया करता था, लेकिन आज उसके बिल्कुल विपरीत हो रहा है । आज गांव का पैसा शहर में आ रहा है और शहर से बना-बनाया माल गांवों में जा रहा है । गांव के 35 प्रतिशत दस्तकारों को आज सरकार ने पूरी तरह से उजाड़ दिया है । महात्मा गांधी के राष्ट्रमुक्ति आंदोलन के तहत उस नारे को साकार बनाने के लिए, उनके स्वप्न को साकार करने के लिए एक बात हमारे कानों में गूंजा करती थी कि, अंग्रेज इस देश की संपत्ति को लूटकर लंदन ले जाता है । वह संपत्ति इस देश के विकास पर खर्च होनी चाहिए । उस वक्त गांवों में जो अच्छे बुनकर थे, उस समय बंगाल में ढाका की मलमल बड़ी मशहूर हुआ

करती थी कहते हैं कि एक सारा-का-सारा थान अंगूठी में से निकाल लिया करते थे, उन बुनकरों की वजह से इंगलैंड मे मैनचेस्टर के लोग बेकार न हो जाएं, उनके हाथ काट दिया करते थे। आज हमारे देश में लोगों पर राज करने वाले लोगों ने गांव में बसनेवाले 35 प्रतिशत दस्तकारों के हाथ तो नहीं काटे, लेकिन उनके हाथ का रोजगार छीन लिया। गांव में बसने वाला मोची जो जूते बनाकर आजीविका चलाया करता था, आज उसकी जगह बाटा ने ले ली और उस गरीब मोची को बेकार बना दिया। गांव में बुनकर होते थे जो हाथकरघा से कपड़ा बुना करते थे आज बड़े-बड़े मिलों ने उसका रोजगार छीन लिया। इसी प्रकार लाख का काम करने वाले मनिहार होते थे, मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार हुआ करते थे, किन्तु आज बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों ने सरकार की शह पर गांव के 35 प्रतिशत दस्तकारों का रोजगार छीन लिया। उसका परिणाम यह निकला कि गांव उजड़ने शरु हो गए। बड़े-बड़े शहरों में बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों ने इस देश की संपति को अपनी तिजोरियों में बंद कर लिया। अंग्रेज के खिलाफ हमें एक ही गिला था कि वह इस देश की संपत्ति को इंगलैंड की बैंकों में जमा कराते थे लेकिन आज उसी प्रकार से राज्य करने वाले लोगों ने इस देश की संपत्ति को लूटकर स्विस तथा अन्य विदेशी बैंकों में जमा कर दिया है जिसकी की रोज अखबारों में चर्चा चलती है। सन् 1947 से लेकर 1987 तक पिछले 40 साल में पांच साला योजनाओं के तहत पब्लिक सेक्टर में सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपया खर्च किया। और सुनने में ऐसा आ रहा है कि बोफोर्स कांड के तहत 50 करोड़ रुपया तथा स्विस तथा अन्य बैंकों में जमा कराया गया है। अगर वह पैसा इस देश में आकर लगे, मनी सर्कुलेशन हो और उसका विकास हो तो आज जो उद्योग धंधे इस देश में हैं उससे दुगने हो सकते हैं और जो आज गांवों के साथ भेदभाव बरता जा रहा है, वह भी खत्म हो सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार हमारे यहां यूनिवर्सिटीज और टेक्नीकल एजुकेशन के जितने भी संस्थान हैं वे भी गांवों में न होकर बड़े-बड़े शहरों में हैं। गांवों के लोगों को महंगी शिक्षा से बचाने के लिए और उनको क्लर्क के योग्य बनाने के लिए इस प्रकार की शिक्षा पद्धति चालू की गई थी अंग्रेजों के द्वारा और अंग्रेजों के जमाने में कोई ग्रामीण पढ़ जाता था तो उसको क्लर्क की नौकरी मिल जाया करती थी, लेकिन आज के जमाने में यह हालत है कि पेट बांधकर कोई गरीब किसान अगर अपने बच्चों को पढ़ा भी ले तो आज नौकरियां पैसों में बिकती हैं महंगी हो गई हैं और बावजूद प्रयास करने के भी पढ़े लिखे लोगों को नौकरी नहीं मिलती। आज क्लर्क भी वे नहीं बन पाते। शहरों में तो बड़े-बड़े स्कूल हैं, धनाड्य लोगों के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएं हैं, लेकिन गांवों में प्राइमरी शिक्षा भी नहीं मिल पा रही है जब कि शिक्षा, रहने के लिए मकान और दो जून रोटी पेट भरने के लिए आज लोगों को नहीं मिल रही है। आज सरकारी गोदामों में अनाज सड़ रहा है, लेकिन गांवों में लोग भूखे हैं। एक तरफ़ से देश में दुर्भिक्ष पड़ा हुआ है, दूसरी तरफ़ बाढ़ से देश में और विशेष रूप से बिहार व आसाम में तबाही मची हुई है जो कि पिछले सौ साल में नहीं हुई। इतनी बड़ी बाढ़ सौ साल में भी देश में नहीं आई। इसी प्रकार से राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में भी भयंकर सूखा है। या तो औरंगजेब के जमाने में, उसके शासन में 300 साल पहले यहां पर सूखा पड़ा था या फिर राजीव गांधी के शासन में इस प्रकार का सूखा पड़ा है। सरकार सूखे की तरफ़ भी कोई ध्यान नहीं दे रही है। प्रधान मंत्री महोदय तो बड़े-बड़े समुद्री जहाजों का उद्घाटन करने में लगे हुए हैं। आज राजस्थान से हजारों पशु

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

हरियाणा में आ रहे हैं आज दुधारू गायें भी खुली छोड़ी जा रही हैं। पीने के लिए पानी नहीं है, बिजली का अभाव है, जमीन का पानी नीचे चला गया है जब कि भारतवर्ष में हिमालय पर्वत में बेइंतिहा दौलत बर्फ की शक्ल में पड़ी हुई है। जैसे कि अरब देशों के पास बेइंतिहा तेल की शक्ल में दौलत पड़ी हुई है वैसे ही प्रकृति की तरफ से हमारे देश में बहुत दौलत है। लेकिन सरकार की योजनाएं ऐसी हैं जिनका लाभ लोगों तक नहीं पहुंचता। आज जो पानी बाढ़ से तबाही लाता है उसको बांधकर हाइडल प्रोजेक्ट खड़े किए जा सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उससे सिंचाई के साधन जुटाए जा सकते हैं और इस देश की चप्पा चप्पा जमीन जो पानी के बिना प्यासी है उस पर फसल उगाई जा सकती है। इजराइल ने समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाकर उसे काबिले काश्त और पीने लायक बना दिया है लेकिन हमारे यहां 20 प्रतिशत लोगों के पास आज भी पीने का पानी नहीं है। बावजूद कोशिशों के उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। एक तरफ आस्ट्रेलिया ने दलदल को सुखा कर जमीन को काबिले काश्त बना दिया है दूसरी तरफ भारत में फ्लड से बिहार में तबाही और बरबादी होती है। कहीं जमीन को रिक्लेमेशन के द्वारा काबिले काश्त बनाया जा रहा है लेकिन हमारे यहां सारी की सारी योजनाएं केवल मात्र मुट्ठी भर लोगों को खुशहाल करने के लिए बनाई जाती हैं। इस देश में राजनीति करने वाले लोग अरबपति करोड़पति बनते जा रहे हैं लेकिन इस देश का मेहनतकश किसान जो महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने में लगा हुआ था जो आशा में लगा हुआ था कि भारतवर्ष की आजादी होगी तो मेहनतकश लोगों को उनके अधिकार मिलेंगे लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज इस देश में मेहनतकश लोगों की हालत दयनीय है। आज गांवों में अस्पताल नहीं हैं सड़कें आज टूटी फूटी हैं। गांवों का पशुधन बेकार है वैटरनरी अस्पताल नहीं है, कंपाउंडर नहीं है, गांवों में प्राइमरी हैल्थ सेंटर नहीं हैं डॉक्टर नहीं हैं लेकिन शहरों के लोगों के लिए योजनाबद्ध तरीके से सब प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। सरकारी कर्मचारियों को जो शहरों में रहते हैं उनको ज्यादा पैसे मिलते हैं। हाऊस रेंट मिलता है, जबकि उसे बिजली की, पानी की, मकान की, सब्जी की, अन्न की, सब चीजों की सुविधाएं प्राप्त हैं। इसके बावजूद भेदभाव बरता गया है। उसे ज्यादा फैसिलिटी दी गयी है बनिस्बत गांव के आदमी के। गांव में रहने वाला आदमी, मुलाजिम परेशान होता है। उसे रोटी साथ लेकर जानी पड़ती है, बस नहीं है साइकिल पर जाना पड़ता है। समय पर किसी सरकारी दफ्तर में नहीं पहुंचता है उस को सस्पेंड कर दिया जाता है। उसको टरमिनेट कर दिया जाता है। सारी की सारी सुविधाएं गांव के लोगों को इस हिसाब से दी जायें ताकि शहरों की तरफ उनका रुझान कम हो जाये। आज गांव के लोग शहर की तरफ आ रहे हैं। सरकार उनको उजाड़ती है। लाल लकीर लगा कर किसान की जमीन को एक्वायर कर लेती है और कोड़ियों के दाम पर उनकी जमीन को लूटा जा रहा है आप दूर क्यों जायें दिल्ली के आस पड़ोस में ही देख लें सारी की सारी जमीन पर लाल लकीर लगा कर कोड़ियों के दाम पर सरकार खरीद कर व्यापारी बनी हुई है। ऊंचे दामों पर बेच रही है। आज किसानों की जमीन पर भी सीलिंग है। किसान 17 एकड़ से फालतू जमीन नहीं रख सकता लेकिन आज फार्म हाऊस के नाम पर दूर मत जाइये, दिल्ली के चारों तरफ रिंग रोड पर जाकर देखिये फार्म हाउस के नाम पर 20-20, 30-30 एकड़ जमीन पर मकान बने हुए हैं। उनकी जमीन को भी सरकार को एक्वायर करना चाहिए। मैं प्लानिंग मिनिस्टर साहब से निवेदन करना चाहूंगा कि अगर वह सही माने में देश का विकास करना चाहते हैं इस देश का विकास करना चाहते हैं, इस देश का उत्थान करना चाहते हैं, इस देश के गांवों में बसने वाले लोगों को सारी सुविधाएं देना चाहते हैं तो पंचवर्षीय योजना की दिशा बदलनी होगी, उन्हें ग्रामोन्मुख बनाना होगा तभी जाकर इस देश में जो भेदभाव बरता गया है उसको मिटाया जा सकेगा।

इसी प्रकार से जो छोटे छोटे उद्योग धंधे हैं वे भी गांव में नहीं हो पा रहे हैं। रा-मेटिरियल सारा गांव में तैयार होता है। उस रा मेटिरियल को शहरों में ले जाया जाता है और उस चीज को शहर में ठीक करने के बाद दुबारा उपभोक्ता के पास गांव में जाता है। नतीजा यह निकलता है कि गांव के मेहनतकश को कुछ नहीं मिलता है। जो सरसों वह बोता है उसके बाजार में दाम 12सौ रुपये प्रति क्विंटल है जब कि किसान से साढ़े तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से लूट लिया गया है। कपास का भाव बाजार में दो हजार रुपये प्रति क्विंटल है जब किसान के पास वह था तो उस वक्त उस से 4 सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से लिया गया। रुई के दाम बढ़ रहे हैं, आज खाद्य तेलों के दाम बढ़ रहे हैं, जरूरी चीजों के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। सूखे से पीड़ित लोगों को तरफ कोई राहत नहीं दी जा रही है। सारे देश में त्राहि-त्राहि मची हुई है, हा-हाकार मचा हुआ है। सरकार में राज करने वाले लोगों का इस बात की तरफ कोई अहसास नहीं है। इस देश में कुर्बानियां देने वालों, जंगे आजादी में भाग लेने वालों का इतिहास लिखा जाना चाहिए। वह तो हो नहीं रहा है केवल मात्र एक परिवार की सारी राजनीति कैप्सूल की शक्ल में आती जा रही है। उन लोगों का कहीं नामोनिशान नहीं है। आज सारा का सारा राजनीतिकरण किया जा रहा है। (व्यवधान)

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश): मेरा व्यवस्था का प्रश्न है... (व्यवधान)

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, this is his maiden speech and hence there cannot be any interruptions. Actually I wanted to speak but being his maiden speech you should not permit any interruption. (*Interruptions*). He represents the real rural poor.

श्री ओम प्रकाश चौटाला: उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैंने कोई ऐसी बात करने की कोशिश नहीं की जिसकी वजह से किसी के जसबातों को ठेस पहुंचे। जो हालात देश के अंदर हैं उन्हीं को मैंने अपनी जबान में कहने की कोशिश की है। कल्पनाथ राय जी सत्ता की कुर्सी कैसे हाथ लगे इसकी कोशिश कर रहे हैं। मैं चाहूंगा उन्हें वह मिले। (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): मेरी एक विनती है... (व्यवधान)

श्री ओम प्रकाश चौटाला: मैं आपका बड़ा शुक्र गुजार हूं कि आपने मुझे समय दिया। मैं दूसरे माननीय सदस्यों से भी अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया वह मेरे रास्ते में बाधा न डालें। मैं यह बात कहने जा रहा हूं जो बड़े चाव से आप सुनना चाहते हैं। (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): आज मेरे लिए एक दिक्कत है कि आज समय नहीं है, नहीं तो मैं आपको रोकता नहीं क्योंकि आज आपकी मेडन स्पीच है। मेरी मुश्किल यही है।

श्री ओम प्रकाश चौटाला: महोदय, मैं आपकी बात से शत-प्रति-शत सहमत हूं। मैं एक बात और कह कर समाप्त करना चाहता हूं। भारतवर्ष के गांवों का पूरी तरह से विकास करने के लिए मैं माननीय योजना मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि हमारी योजनाओं का मुंह गांवों की तरफ खोला जाये और गांवों का पैसा जो शहरों की तरफ आ रहा है वह गांवों में ही रहे। गांवों का रा-मेटिरियल गांवों में खपे। कुटीर उद्योगों का जो महात्मा गांधी जी, राष्ट्रपिता का, ध्येय था उस पर अमल करना चाहिए। पैसे की रास्ते में रुकावट हो तो जिस तरह से मारकोस का पैसा स्विस बैंक से मांगा जा सकता है तो उसी तरह से स्विस बैंक में इस देश का जो पैसा जमा है उसको यहां के विकास के लिए क्यों नहीं मांगा जा सकता? हमारे देश का 40 हजार करोड़ रुपया विदेशी

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

बैंकों में जमा है । वही रुपया इस देश में खर्च होकर गांवों के विकास का तरफ तवज्जह दी जा सकती है । हम पांच साला योजनाओं में गरीबी हटाने की बात करते हैं । लेकिन गरीबी कोई माथे का पसीना नहीं है कि हाथ की अंगुली से पोंछकर जमीन पर फेंक दिया जाय । गरीबों का दुःख वही जान सकता है जिसने गरीबी देखी हो । कांटे का दर्द वही महसूस करता है जिसको कांटा चुभता है । आज हमारे देश में गांव पिछड़ गये हैं । एक सबसे बड़ी गलती राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी से हो गई । उन्होंने अगर श्री जवाहरलाल नेहरु के बजाय सरदार बल्लभ भाई पटेल को प्रधान मंत्री बना दिया होता तो इस देश में गांवों की तस्वीर दूसरी होती, गांव खुशहाल होते । इन शब्दों के साथ मैं फिर योजना मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि योजना का मुंह आप गांवों की तरफ खोलिये ताकि यह कृषि प्रधान देश तरक्की कर सके । गांवों का विकास ही हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए ।

आपने बोलने का जो समय मझे दिया है उसके लिए मैं आपको पुनः धन्यवाद देता हूं ।

**श्री शान्ति त्यागी** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हम श्री नारायणसामी जी के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने अपने रिज्योल्यूशन के जरिए हमें इस विषय पर बोलने का मौका दिया है । इस सदन में ग्रामीण भारत की चर्चा करने के मौके तो आते रहते हैं, लेकिन पिछले तीन हफ्तों से सदन में रोजमर्रा तोपों की ही चर्चा होती रही है या सबमेरिन के ऊपर चर्चा होती रही । कम से कम अब हम ग्रामीण विकास के बारे में चर्चा कर रहे हैं । मैं माननीय योजना मंत्री से निवेदन करुंगा कि आज हमारे देश में सूखे की स्थिति है । सूखे के कारण पूरा देश पीड़ित है । गांव गांव इस सूखे से पीड़ित हैं । हमारे पूरे प्लानिंग पर सूखे का संकट आया हुआ है । उत्तर प्रदेश की सरकार ने यह निर्णय लिया है कि सूखे से हमारे जो किसान पीड़ित हैं उनके संबंध में उन्होंने कहा है कि किसानों से जो 12 करोड़ रुपयों का लगान लिया जाता था उसकी माफी की सरकार ने घोषणा की है । हम इसका स्वागत करते हैं । उत्तर प्रदेश सरकार ने यह भी घोषणा की है कि जो सरकारी और कोआपरेटिव्स से ऋण किसानों ने लिये हैं वे एक साल तक बिलकुल वसूल नहीं किये जाएंगे । इसके अलावा रबी की बुआई के लिए जिन किसानों को ऋण की आवश्यकता होगी उनको ऋण भी दिया जाएगा । इन सारी बातों की घोषणा उत्तर प्रदेश सरकार ने की है । हमारे प्रधान मंत्री जी यहां पर नहीं हैं, लेकिन मैं माननीय योजना मंत्री से आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश ने जो कदम उठाये हैं उसी प्रकार के कदम सारे देश में उठाये जाने चाहिए । सभी प्रदेशों में सूखा पड़ा हुआ है । बहुत निराशापूर्ण स्थिति है । किसान दुःखी हैं । ऐसे वक्त में उत्तर प्रदेश की सरकार ने जो कदम उठाये हैं, लगान की माफी की जो घोषणा की है और किसानों के ऊपर ऋणों की वसूली एक साल के लिए रोक दी है, उसका हम स्वागत करते हैं । अगर यह एक-दो साल के लिये रोक दी जाये...

**श्री शरद यादव** (उत्तर प्रदेश) : त्यागी जी ठीक कह रहे हैं ।

**श्री शान्ति त्यागी** : मैंने कहा कि योजना मंत्री जी प्रधानमंत्री जी से कहकर तमाम ऐसे प्रान्तों में जहां कि सूखा पड़ रहा है, उनके मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन बुलायें और आप उनको यह सलाह दें कि वे लगान माफी का ऐलान करें और कर्जों की अदायगी कम से कम दो-तीन साल के लिये रोक दें । मैं यह भी मांग करूंगा कि हम, उपसभाध्यक्ष जी, ग्रामीण विकास को सूखे से अलग करके नहीं देख सकते हैं, यह मेरा

मशविरा आपको है । मैं आपसे कहूंगा कि देहात के जो बच्चे चाहे वे शहरों के स्कूल व कालेजों में हों या देहातों के स्कूल व कालेजों में हों, उन बच्चों की फीस भी कम से कम इस एकेडेमिक सेशन के लिये बिल्कुल माफ कर देनी चाहिए, ऐसा मशविरा, जहां सूखा पड़ रहा है वहां की सरकारों को आप दीजिये ।

---

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके हुक्म की पाबन्दी करूंगा और वह सब को करनी चाहिए । मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि यह बात सही है कि हमारी योजनाओं का फायदा जिन गरीब लोगों तक पहुंचना चाहिए था, हरिजन, गिरिजन, आदिवासी तथा देहात के लोगों को उतना फायदा नहीं पहुंचा जितना पहुंचना चाहिए था । पैसा बहुत खर्च किया है और ऐसा करने की जरूरत है और पिछली सात पंचवर्षीय योजनाओं में जो धनराशि दी गई है मेरी मान्यता है उसका कभी कभी दुरुपयोग भी किया गया है, बल्कि मैं यह कहूं कि उसका बहुत ही दुरुपयोग किया गया है । अधिकारियों ने पैसा खाया है । जिन लोगों तक पसा पहुंचना चाहिए था, उसका फायदा जिनको पहुंचना चाहिए था उन लोगों तक वह नहीं पहुंचा है । कई दफे, देहातों में, अमीर किसानों ने, जो धनराशि गरीब आदमियों तक पहुंचनी चाहिए, जिसका लाभ गरीब आदमियों को मिलना चाहिए था, उसका लाभ उठा लिया, उसका लाभ ले लिया बड़ किसानों ने यह भी इन योजनाओं में हुआ । इसलिये मैं योजना मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति के लिये, ग्रामीण भारत की उन्नति के लिये आप देहातों में लघु उद्योगों, कुटीर उद्योगों का जाल बिछायें। आप शहरों में जो इंडस्ट्रियल कालोनियां बना रहे हैं यह काम आप मत करो । देहातों की आबादी को शहरों में मत आमंत्रित करो, शहरों में आबादी का केन्द्रीयकरण मत करिये । आप ग्रामों की दशा सुधारिये और ऐसी योजना बनायें ताकि गांवों में जो बेरोजगार लोग हैं वे ग्रामों में ही काम करें । गांवों में जो शिक्षित लोग हैं, जो टेक्नीकल लोग है उनको भी आप गांवों में ही इमदाद देकर वहीं पर उद्योग खोलने में सहायता कीजिये ताकि गांवों में नयी दिशा और नयी रोशनी आ सके, वहां पर उद्योग-धंधे पनपें, वहां पर नयी तालीम आये। यह काम आपको वहां पर करना होगा।

---

दूसरी बात, आपने कहा कि हम नयी टेक्नालाजी ला रहे हैं । कम से कम साधारण किस्म की टेक्नालाजी, टेक्नीकल एजूकेशन और साइंस और टेक्नालाजी की तालीम आप देहातों में ही दें । मैं दिल्ली की बात कर रहा हूं कितना फर्क हो गया है । मेरे गांव का एक आदमी दिल्ली आया । मैं हकीकत बयान कर रहा हूं, जब यह यहां पहुंचा आई०टी०ओ० पर और जब उसने वह इमारत देखी तो वह वहां पर गश खाकर गिर गया, उसको चक्कर आ गया । यह अपनी आंखों से देखी बात है, यह मेरे सामने की बात है । कहां उसकी झोंपड़ी, कहां उसका छोटा सा मकान और कहां यहां की बड़ी-बड़ी इमारतें । योजना मंत्री जी आप सुन लीजिये । कितना फर्क हो गया है । शर्मा जी आप भी सुन लें । यह कोई 22 मंजिला आई०टी०ओ० की इमारत है । मैंने यह इसलिये कहा कि आप देहातों में टेक्नालाजी ले जाइये, साइंस ले जाइये, जो किसानों से संबंधित उद्योग हैं उनको ग्रामों में ले जाइये । जब भारत के ग्राम उन्नत होंगे तभी भारत उन्नत होगा । साइंस, कल्चर, एजूकेशन, टेलीविजन इन चीजों को दिल्ली में, लखनऊ में, भुवनेश्वर में ही रखने का काम मत कीजिये, इससे देश को इतना फायदा नहीं होगा ।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि योजनाओं के संचालन, उनके इम्प्लीमेंटेशन में आपको पंचायतों, जिला परिषदों, लोकल कमेटियों, पब्लिक नुमाइन्दों का सहयोग प्राप्त करना चाहिए इनका

(श्री शान्ति त्यागी)

इनके संचालन में जो अधिकार होना चाहिए वह अधिकार उनको कानून रूप से मिलना चाहिए। पंचायत, जिला परिषद, गांव के चुने हुए लोगों, एम० पीज० और एम० एल० एज को द्वारा पूरा अधिकार दिया जाये।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि गांवों में किसानों की जो पैदावार है, वहां के कारीगरों की जो पैदावार है, जो वहां पर छोटे मोटे कारखाने हैं, उद्योग-धंधे हैं, वर्क शाप हैं जो भी चीजें वह बनाते हैं उनको उन चीजों के लाभकारी मूल्य मिलने चाहिए। जब आप ऐसा करेंगे तभी देश के ग्रामों का उत्थान होगा और तभी भारत का उत्थान होगा।

इन शब्दों के साथ मैं आपका आभारी हूं जो माननीय नारायणसामी जी के प्रस्ताव पर, तोपों और पनडुब्बियों से हट कर, आज हमको ग्रामीण विकास के बारे में अपने विचार प्रकट करने का मौका दिया। धन्यवाद।

SHRI V. GOPALSAMY: Mr Vice-Chairman, Sir, the other day when the voice of Pandit Jawaharlal Nehru was played in the Central Hall, we made a tryst with the destiny. My memories went back. Of course, we made a tryst with the destiny to remove poverty, to remove misery, to remove ignorance from this country, but let us touch our hearts and feel our conscience whether the people of India are free from misery. No. From poverty, no. Sir, the dream of Gandhiji about gramraj has evaporated into thin air. The anti-poverty schemes, rural development schemes, what about their implementation? You have allotted funds, crores and crores of rupees. I want to know whether these programmes have reached the doors of the needy and the poor. Not at all. You come to the Parliament and say that you have allotted such and such amount for NREP, RLEGP, IRDP, all the schemes. It is well said, but lootnig and plunder is going on in the name of these schemes by contractors, middlemen, vested interests who have got the patronage.

Sir, the time at my disposal is limited. So, I will confine myself to one point. Guidelines were issued that these programmes will be implemented in the true spirit through the local bodies. I would like to ask the Minister whether this is being done. What is going on in my State? It is my bounden duty to raise this point here because we are the Members of the Council of States. I can say that all the schemes are not at all implemented through local bodies. For 15 to 16 long years we have been demanding for election of local bodies, but the elections are not held. In 1985 elections were held but even then the Government is weakenig local bodies. This is according to the Hindu. It says, Government is weakening the local bodies. This is because the local bodies are mainly handled by the opposition parties like the DMK, the Congress (I) parties. Now they want to bypass the local bodies. They are appointing advisory committees, task force committees. This is unimaginable. When the chairman or the president of the panchayat is there, who is duly elected by the people, they are avoided and .... (*Interruptions*). It is about implementation of the programme. I am entitled to say all this. The Centre has issued guidelines to the States. I cannot give you understanding, I can only give you facts and figures. The guidelines have been issued from here to the States but those guidelines are being flouted. Local bodies are being byepassed. I understand, the Central Government has not approved the proposal of the State Government for the task force committees but yet another parallel body is being created in the name of advisory committee where the chairman will be a member, a local MLA will be a member and four people belonging to the ruling party will be nominated. It is clear

crystal from the paper, Hindu of 9th August, 1987. Here this spirit of democracy is being eradicated, is being eliminated in my State. You have allotted funds. Crores and crores of rupees you have allotted. But bypassing the local bodies, killing the spirit of democracy, these funds are being looted, plundered by the contractors, middlemen, vested interests who have got all the political patronage of the ruling party in the Tamilnadu Government.

**योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** : उप-सभाध्यक्ष महोदय, जिन सदस्यों ने श्री *नारायणस्वामी द्वारा प्रस्तुत* प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त किये मैं उनका आभार प्रकट करता हूं और मैं समझता हूं कि इस प्रस्ताव द्वारा माननीय सदस्यों ने कुछ सुझाव रखे और योजना के जो बहुत से कार्यक्रम हैं उनमें जो कहीं-कहीं त्रुटियां हैं उनकी तरफ भी ध्यान दिलाया। मैं समझता हूं कि हमें आपके सुझावों का फायदा उठाना है। उपसभाध्यक्ष महोदय, जब मैंने इस योजना मंत्रालय में कार्यभार संभाला तो प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हमारी स्टेट्स के जो पार्लियामेंट में मेम्बर्स हैं चाहे वे लोक-सभा के हों चाहे राज्यसभा के हों उनके साथ भी प्लानिंग कमीशन में बैठक की जाये और उनके जो प्रांत हैं उनके बारे में क्या क्या समस्याएं हैं उनके बारे में विचार किया जाये। पिछले सेशन में दोनों सदनों के बिहार के मेम्बर्स आफ पार्लियामेंट से विचार विमर्श हुआ, योजना आयोग के जो सभी हमारे विशेषज्ञ हैं या जो प्लानिंग कमीशन के मेम्बर्स हैं उनके सामने करीबन 3 साढ़े 3 घंटे विचार विमर्श हुआ और इस सेशन में हमारे जो स्पेशल कैटेगरी स्टेट्स हैं परसों जब हमने बैठक बुलाई थी तो उसमें सभी माननीय सदस्यों के विचारों को सुना, क्योंकि हमारी यह मान्यता है कि सही रूप योजना को देने के लिए विशेषज्ञों का दृष्टिकोण और जनता के प्रतिनिधियों का दृष्टिकोण इन दोनों में समन्वय हो, उसमें सिंथेसिस हो तभी एक बहुत अच्छी योजना रूप ले सकती है। हमने इन बातों को ध्यान में रखा है और आज जो सुझाव तथा पिछली बैठक में भी इस प्रस्ताव के जरिये जो बहुत से सुझाव आये हैं उनको हमने नोट किया है। एक माननीय सदस्य की मेडन स्पीच थी, मैं उनकी बात का बुरा नहीं मनाता हूं, मैं सिर्फ इतना कहता हूं कि वे हरियाणा से चुनाव लड़कर आये हैं और उनके दिमाग में चुनाव की स्पीच अभी तक अंकित है *यह मुझे लगा क्योंकि जब हम* इस माननीय सदन में बात करें तो हम एक संतुलित विचारधारा से बात करें। जो उपलब्धियां हैं उनको भी न भूलें और जो कमियां हैं उनकी तरफ ध्यान दिलायें। यह जो संतुलित विचारधारा है यह जनता के प्रतिनिधि के लिए तो बहुत ही आवश्यक है और शिक्षित समाज के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इसी विचारधारा का असर सारे देश में पड़ता है। उसका मैं बुरा नहीं मानता, मैं तो बल्कि खुश हूं कि उनकी पार्टी को हरियाणा में मौका मिला है और जो कमियां हमसे रह गयी थीं, जो कमियां हम पूरी नहीं कर सके मुझको पूरी उम्मीद है कि उनकी सरकार हरियाणा में गांवों को स्वर्ग बनाएगी, बहुत अच्छा और समृद्धशाली बनाएगी और हमारा विश्वास है और हमने सभी प्रांतीय सरकारों को यह विश्वास दिलाया है कि बिना किसी पार्टी के भेदभाव के केन्द्रीय सरकार सभी राज्यों को मदद करेगी, इस दृष्टिकोण से कि हरेक राज्य में लोग आगे बढ़ें, मगर जो नियम हैं, उन्हीं नियमों के अधीन चलना पड़ता है।

**श्री राम अवधेश सिंह** (बिहार) : किसानों का कर्जा माफ (. . . . **व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप तो थे नहीं अभी यहां ... (व्यवधान) आपने उन्हें सुना नहीं। . . . (व्यवधान)

श्री सुखराम : मैंने कहा कि कुछ नियमों के अनुसार सरकार चलती है, चाहे वह प्रांतीय सरकार हो, या केन्द्रीय सरकार हो। उन्ह नियमों के अंदर ही हम मदद कर सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष जो, वैसे इस प्रस्ताव का आशय तो अच्छा है, सरकार का जहां तक ध्यान दिलाने की बात है, मगर उसमें प्रस्तावकर्त्ता ने एक बात को जरूर नजरअन्दाज कर दिया। मैं समझता हूं कि वह कोई जान-बूझ कर नहीं किया, वह प्रस्ताव रखते समय यह कहा कि योजना का फल जो है, वह साधारण व्यक्ति तक नहीं पहुंचा है। मैं एक बात मानता हूं, इस बात को मान कर के चलता हूं कि जितना लाभ पहुंचना चाहिए था, शायद उतना नहीं पहुंचा, मगर यह कहना कि लाभ नहीं पहुंचा, और जब मेरे पास यह नोट आया तो जब मैं आंकड़ों में जा रहा था, तो मेरे दिमाग में एक बात थी क्योंकि बहुत से आंकड़े पेश करने से माननीय सदस्य की संतुष्टि नहीं होती क्योंकि जब वह अपने गांव का—जहां बिजली नहीं है, पानी नहीं है, उस नक्शे को देखते हैं और आंकड़े पेश करना चाहते हैं, तो उन्हें विश्वास नहीं आता। मगर जब हम सारे देश का नक्शा पेश करना चाहेंगे तो वह आंकड़ों के बगैर नक्शा पेश नहीं होता।

तो मैं कोई बहुत ज्यादा आंकड़े इस्तेमाल नहीं करूंगा, उसी हद तक करूंगा कि जिस हद तक मुझको इस बात को सिद्ध करना है कि इन वर्षों में योजना के माध्यम से देश—जब हम आजाद हुए थे, तब कहां थे और आज हम कहां पर हैं और हमारा लक्ष्य क्या है। इस मुद्दे को लेकर ही मैंने थोड़ा आंकड़ों का सहारा लेने की कोशिश की है। अब जसे अनाज के मामले में सारे सदन और देश को मालूम है कि जब हम आजाद हुए थे, तो हमारी आबादी आज से आधी थी, करीबन 36 करोड़ थी। 36 करोड़ को यही जमीन खिला नहीं सकती थी, अकाल था, बाहर से अनाज आता था और आज हम इन वर्षों में कहां पहुंचे कि हम आत्म-निर्भर हो गये। जहां 1949-50 में 54.9 मिलयन टन की पैदावार थी, आज 150.5 मिलयन टन की पैदावार हुई है जबकि जनसंख्या आज दुगनी है। आज इस जनसंख्या को खिला करके हम कुछ मदद बाहर के जो छोटे देश हैं, उनको देने के लिए आज भारतवर्ष इस क्षमता में है और उसी तरह से आज सिंचाई के क्षेत्र में जहां 1950-51 में 22.5 मिलयन हैक्टेयर में सिंचाई थी, आज 1985-86 में 62.48 मिलियन हैक्टर में सिंचाई उपलब्ध कराई गई है।

जहां तक स्वास्थ्य का ताल्लुक है आज एक लाख सब-सेंटर और 14,217 पब्लिक हैल्थ सेंटर सारे देश में 1986 में हैं। परिणाम स्वरूप जो औसतन आयु 1951 में 32 वर्ष थी, आज वह 56 वर्ष पहुंची है और उसी तरह से शिक्षा के क्षेत्र में 1951 में 16.67 प्रतिशत लोग शिक्षित थे, आज 1981 में 36.2 प्रतिशत लोग शिक्षित हो चुके हैं। 1981 में चूंकि सेन्सस हुआ था, अभी वह फिगर हमारे पास है। और इन्हीं तीन-चार वर्षों में इसकी परसेंटज और आगे बढ़ी है। शिक्षा संस्थाओं में 208 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उसी तरह से जहां तक सड़कों का ताल्लूक है 1950-51 में 4 लाख किलोमीटर थीं जबकि आज 1985-86 में 18.4 लाख किलोमीटर हैं और उसमें 39.7 प्रतिशत गांवों को हम सड़कों से जोड़ चुके जहां तक विद्युतीकरण का प्रश्न है 1951

में 0.54 प्रतिशत था यानी कि शहरों में ही यह बिजली की रोशनी थी, शायद ही हिन्दुस्तान में कोई ऐसा गांव हो जिसमें कि बिजली की रोशनी हो। आज हम 68.9 प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण कर चुके हैं। मगर एक बात ठीक है कि हमको सभी गांवों को नहीं तो कम से कम ऐसे गांवों को ताकि लोगों को एक-डेढ़ किलोमीटर से ज्यादा पैदल न चलना पड़े सड़कों से जोड़ना है। हमको सौ प्रतिशत गां ों का विद्युतीकरण करना है। इस शताब्दी के अंत तक हमको हर व्यक्ति को, प्रत्येक नर-नारी को शिक्षित करना है। 1990 तक अगर संभव हुआ नहीं तो इस शताब्दी के अंत तक हर गांव को हमको पानी देना है। ये हमारी योजना के लक्ष्य हैं और इसमें बहुत बड़ी योजनाएं, बड़े कार्यक्रम इसमें हमने रखे हैं इसी आशय से कि हिन्दुस्तान गांवों मे बसता है। ठीक कहा है। अगर गांवों का विकास होगा तो सारे हिन्दुस्तान का विकास होगा। इसलिए पहली योजना से लेकर सातवीं योजना तक हमारा सब से ज्यादा जोर देहातों पर है। उसमें जैसे बीस सूत्रीय कार्यक्रम जो कि पांचवीं योजना में श्रीमती इंदिरा गांधी ने जब एक आह्वान किया कि यहां जो गरीबी हैं हमको उसे हटाना है उसको उस समय कुछ लोगों ने हास्यास्पद समझा, मगर योजनाएं चलीं और आज हम इन योजनाओं के जरिए करोड़ों लोगों की आर्थिक दशा और सामाजिक स्तर को सुधारने के लिए काम कर रहे हैं। आज हमारी योजना के बड़े कार्यक्रम हैं। मेरी मान्यता है, मेरी नहीं प्लानिंग कमीशन की मान्यता है और केन्द्रीय सरकार की मान्यता है कि यहां करोड़ों लोगों के भाग्य को सुधारना है और इसमें यह एक बड़ा रेवोल्यूशनरी या क्रांतिकारी कार्यक्रम है। संसार में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जहां कि हिन्दुस्तान की तरह हिन्दुस्तान की सरकार की तरह वहां की सरकार ने करोड़ों लोगों की हालत सुधारने के लिए बड़ा कार्यक्रम बनाया हो। यह हमारी मान्यता है कि ये जो क्रांतिकारी कार्यक्रम हैं ये महज़ मशीनरी के माध्यम से ही हम उनमें सफल नहीं हो सकते, बल्कि हमारी मान्यता इस बात में है कि कोई भी रेवोल्यूशन संसार में आज तक बिना जनता के सहयोग के कामयाब नहीं हुई और इसी वास्ते हमने हर योजना में हरेक प्रांतीय सरकार को लिखा, यहां पर बैठकें कीं, मीटिंग कीं और उसमें इस बात पर हमने जोर दिया। योजना के बनाने में और कार्यान्वित करने में लोगों का सहयोग प्रांतीय सरकारों को लेना चाहिए। उपसभापति जी, यही कारण था कि दो वर्ष पहले प्रधान मंत्री जी ने सारे देश के मुख्य मंत्रियों को बुलाकर कहा, अभी एक माननीय सदस्य ने कहा पंजाब में पंचायत के चुनाव नहीं हो रहे, ....(व्यवधान)....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): If the House agrees, then, we can take a few more minutes on discussion of this Resolution and complete it.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

**श्री सुखराम**: कितने टाइम में खत्म कर दूं, बोलने को तो बहुत हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Five or ten minutes.

**श्री सुखराम**: मैं आपसे निवेदन कर रहा था कि जहां तक प्रांतीय सरकार का ताल्लुक है, योजना आयोग का ताल्लुक है, हमने हमेशा यह कहा कि जिला के स्तर पर प्रांत के स्तर पर जो है, वह वहां की जनता के प्रतिनिधि उसमें शामिल करें, विधायक है, पंचायत के मेम्बर हैं या दूसरे सदस्य हैं, तो बहुत सी प्रांतीय सरकारों ने उस पर काम किया है। जैसा कुछ विकेन्द्रीयकरण के लिए हमने कहा कि योजना का जो कार्यक्रम है, उसका विकेन्द्रीयकरण करना चाहिए और इस पर कुछ जैसे महाराष्ट्र है, जम्मू-कश्मीर है, गुजरात है, यू०पी० हैं, वस्ट-बंगाल वगैरह की सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं।

[श्री सुखराम]

एक जो यहां प्रस्ताव में बात कही है कि प्रशासनिक ढांचे में जो है, वृद्धि हुई है। मैं मानता हूं कि प्रशासनिक ढांचे में बहुत सी योजनाओं के कार्यक्रम हैं, उसमें वृद्धि भी हुई होगी। लेकिन इसके लिए हमने एक बड़ी उच्च-स्तरीय कमेटी बनाई और उस कमेटी की रिपोर्ट जो है, उस पर प्रांतीय सरकारों से विचार-विमर्श हुआ। कुछ टिप्पणियां उसमें आयी हैं, वह अभी एन०डी०सी० के सामने जाएंगी, उसमें विचार होगा, तब जाकर के हम इसमें विचार कर सकेंगे कि उसमें क्या कदम हमने उठाने हैं। इसमें डिसेंट्रलाइजेशन भी एक रिकमण्डेशन है।

उसी तरह से इसमें कहा है कि मोनिटरिंग का होना बड़ा जरुरी है। हम मानते हैं इस बात को और इसी बात को मान कर प्रधानमंत्री जी ने एक विशेष मंत्रालय यहां पर बनाया, जो प्रोग्राम इम्पलीमेंटेशन का मंत्रालय है, जो कि बीस सूत्री कार्यक्रम को और कुछ दूसरे कार्यक्रम हैं, उनकी तीन-माही, क्वार्टली उसमें इवेल्यूशन होती है और जो रिपोर्ट आती है, उसमें किसी प्रांतीय सरकार की कमी होती है तो उस कमी के बारे में प्रांतीय सरकार को लिखते हैं। यहां जो मंत्रालय है, वह प्रांतीय सरकार को कमी के बारे में लिखता है कि यह कमी है, इसको पूरा करे।

एक बात, जिसकी बड़ी चर्चा हुई, वह यह कि बेनेफिशरीज की छांट ठीक नहीं होती। जो गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है, उसमें बेनेफिशरीज की जो छांट है, वह ठीक ढंग से नहीं होती। जहां तक हमारा ताल्लुक है, हमारे योजना आयोग का ताल्लुक है, हमने हर प्रांतीय सरकार को लिखा है कि ग्राम सभा के जो गरीब हैं, जिनको छांटना है, ग्राम सभा की मीटिंग में उनको छांटे। उसके लिए मोनेटरिंग में जो कमी रही, माननीय सदन के सदस्यों ने यहां भी और दूसरे लोक सभा में भी जब यह बात उठाई तो प्रधानमंत्री जी ने एक-डेढ़ वर्ष हुआ, पिछले सन् 1985 की अक्तूबर में एक कंकरेण्ट इवेल्यूशन कार्यक्रम शुरू किया, जो 29 ऐसी प्राइवेट संस्था हैं, उनकी ड्यूटी लगाई, उनको कार्यक्रम दिया, मगर उसमें कुछ सेम्पल ही वह चेक कर सकते हैं, उसमें दो कार्यक्रम लिए हैं आई०आर०डी०पी० और वाटर-सप्लाई का। आई०आर०डी०पी० की रिपोर्ट आई है, कुछ अंतर है कमियां हैं, उसके लिए प्रांतीय सरकारों को लिखेंगे। माननीय सदन के सदस्यों को मालूम तो है ही कि जितना भी यह कार्यक्रम कार्यान्वयन है, प्लेन का, यह स्टेट गवर्नमेंट करती है और आपका अधिकार यह भी है कि हमारे नोटिस में तो लाएं, मगर उसके साथ-साथ प्रांतीय सरकारों को भी इस बात के बारे में जरा आप कहें, जहां-जहां आपको कमी दिख, उस कमी को प्रांतीय सरकारों को भी बताइये क्योंकि हम जो यहां पर सदन में सदस्य हैं, आखिर अपनी स्टेट से आते हैं, वहां से इलेक्ट होकर आते हैं।

वहां भी तो हमारा कुछ अधिकार है। मैं इस बात को मानकर चलता हूं कि जहां-जहां भी गरीबों के लिए रुपया रखा गया है। अगर उसका दुरुपयोग हो तो मैं समझता हूं कि जहां-जहां हम लोग उसको देखें, रोकें,। एक तो मुझे यह जनरल बात कहनी है। मगर कोई स्पेसिफिक केस सामने आए तो प्रांतीय सरकार को उसमें सख्त-से-सख्त सजा देनी चाहिए ताकि दूसरों के लिए वह सबक बन सके। अब यह जो आपने बुनियादी ढांचे की ओर ध्यान दिलाने की कोशिश की है तो जैसा कि मैंने कहा बहुत से कार्यक्रम लिए गए हैं। हमारे योजना आयोग ने, हमारे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी ने और पहले श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में आज वह रिवाइज होकर नए रूप में आया है, कुछ ऐसे आयटम्स हैं जो उसमें नहीं थे,

उन्हें शामिल किया गया है और उसके साथ-साथ जो मिनिमम नीड्स प्रोग्राम हैं जिसमें 10 और ऐसी चीजें हैं जोकि गांव की तरक्की के लिए हैं। उन बुनियादी कार्यक्रमों के जरिए बहुत मदद मिल रही है। आज तकरीबन साढ़े 11 हजार करोड़ रुपया उसके माध्यम से सारे देश में खर्च हो रहा है जोकि पहले करीब 6 हजार से कुछ ज्यादा था। आज जो सबसे बड़ा प्रश्न हमारे सामने है, वह है कि आज लघु और सीमांत कृषक जो हैं, जोकि अन-इकानामिक होल्डिंग्स में हैं वे करीबन 76 प्रतिशत हैं और 24 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जोकि इकानामिक होल्डिंग्स वाले हैं। जो विकसित देश हैं, अगर हम उनकी हिस्ट्री देखें तो वह भी पहले कृषि प्रधान थे और आज वे कहां पहुंच गए हैं। आज 7–8 प्रतिशत कृषक वहां पर हैं। रशिया में 18 प्रतिशत हैं और चायना जैसा देश, जो हमसे भी बड़ी आबादी वाला देश है वहां 56 प्रतिशत हैं। मगर हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जिसमें कि 60–62 प्रतिशत लोग कृषि में लगे हैं। यह बात सोचने की है क्योंकि मेरी व्यक्तिगत मान्यता है कि ज्यों-ज्यों देश इंडस्ट्रियलाइजेशन की तरफ आगे बढ़ेगा तो इनहैरिटेंस फ्रेगमेंटेशन जो हो रहा है और जो 76 प्रतिशत होल्डिंग्स जो अनइकानामिक हैं वे दो टाइम की रोटी अपने परिवार के लिए पैदा नहीं कर सकते हैं। आज हमने इस सातवीं पंचवर्षीय योजना में 500 करोड़ रुपया महज उनके लिए रखा है और 500 करोड़ रुपया प्रांतीय सरकार योगदान दे रही हैं जिससे कि उनको मदद मिल सके। मगर कब तक हम इस व्यवस्था को चला सकेंगे? यह भी एक प्रश्नचिन्ह हमारे सामने है कि किस तरह से हम गांवों को आगे बढ़ाएं। एक और प्रश्न उठाया गया कि मार्केटिंग का इंतजाम नहीं है। मैं मानता हूं गांव में रहने वाला जो कृषक है वह एक कमजोर वर्ग है। वह सदियों से कमजोर रहा है लेकिन इन वर्षों में उसके लिए योजना के माध्यम से बहुत बड़े कार्यक्रम हुए हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हर क्षेत्र में बिचौलिये हैं जोकि सबसे अधिक लाभ उठा रहे हैं। न उपभोक्ता को लाभ है और न पैदा करने वाले को लाभ है, लाभ है तो बिचौलिये को। तो इस बिचौलिये को कैसे खत्म करें, उसके लिए यह सहकारिता का माध्यम दिया गया है। आज 6227 प्रायमरी कोआपरेटिव सोसायटीज हैं, 160 सेंट्रल सोसायटीज हैं, 29 दूसरे लेवल पर कोआपरेटिव मार्केटिंग सेंटर्स हैं। उसी तरह से जो हमारा सेंट्रल लेवल पर कारपोरेशन है इसके माध्यम से हम कोशिश कर रहे हैं कि जो छोटा किसान है, उसका मार्केटिंग वह उसके माध्यम से हो। इसके लिए जहां हमने 1951 में कुल 47 करोड़ रुपए की मार्केटिंग की थी वहां आज 1986–87 में 4000 करोड़ रुपए की मार्केटिंग होती है और इस योजना के अंत तक 5000 करोड़ रुपए की मार्केटिंग होगी इसका हमारा लक्ष्य है।

श्रीमन, अभी कुछ ही महीने पहले श्रीनगर में तीन प्रदेशों के जो कि पहाड़ी प्रदेश हैं, उनके फलों को जो कम कीमत मिलती है, जो कि दिल्ली में आकर लुटते हैं, उनके लिए एक योजना बनाई है। यह पाइलेट बेसिस पर है। हम इसका विस्तार दूसरे प्रदेशों में भी करेंगे जब हमें इससे कामयाबी मिलेगी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) :** आप कृपया 3–4 मिनट में समाप्त कीजिए।

**श्री सुखराम :** मैं पांच मिनट में समाप्त कर दूंगा।

श्रीमन्, उद्योगों की बात कही गई। गांवों में औद्योगिकरण का होना बहुत ही जरूरी है। वहां क्षमता भी है और प्राकृतिक साधन भी है। उनके लिए ग्रामोद्योग, हथकरघा उद्योग, सेरिकल्चर, दस्तकारी आदि बहुत से कार्यक्रम हैं। अभी-अभी खादी और विलेज इंडस्ट्रीज एक्ट में तरमीम हुई है और उसका स्कोप बढ़ाया गया है ताकि गांवों में उद्योग लग सकें। लेकिन जो बड़े-बड़े उद्योग हैं, कारखाने हैं वे या तो शहरों में हैं या शहरों के नजदीक हैं क्योंकि वहां इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज जो कारखानों के लिए चाहिए वे मौजूद है जो कि गांवों में नहीं है। भारत सरकार की जो नीति है, उसके तहत हमने कोशिश की

[श्री सुखराम]

है कि पिछड़े क्षेत्रों को इंडस्ट्रीज़ जाएं, उसके लिए बहुत से हमने इंसेंटिव्ज़ दिए हैं।

एक बात जो इस प्रस्ताव में आई है वह है देहातों और शहरों का जो अंतर है, उसको कम किया जाए और हमने योजना के माध्यम से इसी के लिए कोशिश की है। अगर आप देखते हैं तो आपको पता चलेगा कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में मिसाल के तौर पर 180 हजार करोड़ में से 98 हजार करोड़ महज 20 सूत्री कार्यक्रम के लिए इस योजना में हम खर्च करने जा रहे हैं। इन बीस सूत्री कार्यक्रमों में से एक कार्यक्रम 18 शहरों में लागू होता है, लेकिन बाकी सारे कार्यक्रम देहात के लिए हैं। अगर सदियों का अंतर अगर आप समझें कि हम 40 वर्षों में मिटा सकेंगे और वह भी प्रकृति के प्रकोप के साथ जैसा कि इस साल सूखा पड़ा है और जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि ऐसा सूखा पूरी एक सदी में पहला है, इसमें कोई दो रायें नहीं हैं। मगर मैं कहना चाहता हूं कि सदन के सदस्य और सारा देश एक बात में विश्वास रखे कि आज हमारे पास इतना अनाज का भंडार है कि कहीं भी एक व्यक्ति को भी भूख से मरने नहीं दिया जाएगा। कोई माननीय सदस्य कहे कि कहीं ऐसा हुआ है? आप देखिए कि प्रधान मंत्री जी ने युद्ध स्तर पर इस सूखे की समस्या से निपटने के लिए कार्यक्रम बनाया है। मगर इन प्रकोपों के बावजूद भी देश आज आगे बढ़ रहा है।

अंत में आपसे मैं कहना चाहूंगा कि इस बात को सिद्ध करने के लिए और गांवों और शहरों का अंतर कम करने के लिए भारत सरकार और योजना आयोग ने बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। समय नहीं है नहीं तो यह ऐसा विषय है जिस पर घंटों आदमी बोल सकता है मैं आपको एक बात कहता हूं कि 1979–80 में जो पावर्टी लाईन के नीचे लोग थे वह 55.5 प्रतिशत थे और 84–85 में यानी जब सातवीं पंचवर्षीय योजना में हम दाखिल हुए तो वह 39.9 प्रतिशत रह गया। ऐसे ही अरबन एरिया, में 42 प्रतिशत था वह घट कर 27.09 प्रतिशत हो गया। कहने का तात्पर्य यह है कि पाईप लाइन जो थी, जो गरीबी की रेखा थी उसका प्रतिशत में कमी हुई है। जहां तक अरबन एरियाज का ताल्लुक है वह 14.3 प्रतिशत कम हुई है। मगर रूरल एरियाज में 15.6 प्रतिशत कम हुई है।

**श्री गुलाम रसूल मट्टू** (जम्मू और काश्मीर) : 86–87 के आंकड़े क्या अभी तक आपके पास नहीं आये?

†[شری غلام رسول مٹّو: ٨٦-٨٧ کے آنکڑے کیا ابھی تک آپ کے پاس نہیں آئے -]

**श्री सुखराम** : अभी नहीं आये। आप को दे सकता हूं जब आप चाहें।

**श्री गुलाम रसूल मट्टू** : माननीय उपसभाध्यक्ष जी मेरी यह दर्खास्त है कि इन्होंने अभी यह फर्माया है कि यह विषय ऐसा है जिस पर बहुत बहस की जा सकती है। मेरा ख्याल है प्लानिंग कमीशन बहुत जल्दी एक मिड टर्म अप्रेजल लायेंगा, मेरी दर्खास्त होगी कि जब मिड टर्म अप्रेजल आय उस वक्त सब मम्बरों को उस पर अपनी राय जाहिर करने का मोका मिले इसलिए एक पूरा दिन इसके लिए मुकर्रर किया जाए ताकि पूरी तरह से अच्छी तरह से मंत्री जी इस विषय पर तैयारी कर सकें।

†[شری غلام رسول مٹّو: مانّیئے اپ سبھا ادھیکش جی - میری یہ درخواست ہے کہ منتری جی ابھی فرمایا ہے کہ یہ وشے ایسا ہے جس پر بہت بحث کی جا سکتی ہے - میرا خیال ہے پلاننگ کمیشن بہت جلدی ایک مڈ ٹرم اے پریزل لائے گا میری درخواست ہوگی کہ جب م اے پریزل آئے اس وقت سب

†[Transliteration in Arabic Script]

ممبروں کو اس پر اپنی رائے ظاہر کرنے کا موقع ملے اسلئے ضروری ہے کہ پورا دن اسکے لئے مقرر کیا جائے تاکہ پوری طرح سے اچھی طرح سے [illegible] آگاہ کریں -]

**श्री सुखराम** : मुझे मंजूर है । मैंने आभार प्रकट कर दिया है माननीय सभी सदस्यों का जिन्होंने संतुलित विचारधारा रखी और जिन्होंने नहीं रखी उनके लिए भी अगर यह ड्राफ्ट ठीक ग से किया हुआ होता जिसमें उपलब्धि का जिक्र भी होता इस प्रस्ताव को मानने में कोई एतराज नहीं था । मगर मैं अपने दोस्त से यह जरूर कहूंगा कि आप सब ने मुझे जो अपने सुझाव दिये हैं उन को हमने नोट कर लिया है और मैंने पहले ही कह दिया कि आप को हम इन योजनाओं के कार्यक्रमों में काम से काम योजना आयोग का जहां तक ताल्लुक है, स्टेटों का तो मैंने कहा वह तो उस लेवल पर होगा, जहां तक ईस लेवल का ताल्लुक है आप को हम इनमें शामिल करेंगे । आपके सुझाव उसमें कार्यान्वित करेंगे जहां-जहां कार्यान्वित करने योग्य होंगे । इसके साथ में दर्खास्त करता हूं कि आप अपने इस प्रस्ताव को वापस ले लें ।

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Thank you very much, Mr. Vice-Chairman, for giving me this opportunity to reply to the debate on the Resolution which I moved on rural development. I have received wholehearted support from all Members of this House, both from Treasury Benches and from Opposition. I specially thank honourable Members Deshmukhji, Ram Chandra Vikalji, Jagatpal Singh, S. K. Sahuji, Jagdambi Prasad Yadavji, Ratnakar Pandeyji, Shri Valampuri John, Pachouriji, V. M. Reddyji, Om Prakashji, Shanti Thyagiji and Gopalsamy ji. The honourable Members who spoke on this Resolution gave their views to the honourable Minister relating to rural development. When the farmer fails the country fails. Considering the need for rural development our honourable Prime Minister allocated huge funds in the Plan sector as also for various schemes. When our honourable Prime Minister visits rural areas, he does not go to the capitalist places or industrial places; he goes to the rural poor, the agriculturists and persons who are living below the poverty line, the Harijans and fishermen, to find out their living conditions, to see whether the schemes are being implemented, whether the benefits are reaching the rural poor properly. He inquires of them; he takes very keen interest in rural development. Therefore, under his leadership I believe rural development will take place faster than in the previous years. Sir, I congratulate the Minister also for having agreed to certain suggestions given by the honourable Members.

With these words, Sir, I would like to withdraw my Resolution.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Is it the pleasure of the House that leave be granted to the Mover to withdraw his Resolution?

SOME HON. MEMBERS: Yes.

**The Resolution was, by leave, withdrawn.*

## SPECIAL MENTIONS

### Strictures passed against the Marathwada University

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Yes, Mr. Jadhav. Please take three minutes only.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to bring to the notice of this House the fact of the Marathwada University, Aurangabad, having lost its credibility. There is an alarming situation in the Marathwada region of Maharashtra over the functioning of the Marathwada University, Aurangabad and there are certain facts which I would like to place before the House.

Recently, the Bombay High Court and the Aurangabad Bench also passed certain strictures against the results declared by the Marathwada University, Aurangabad of Dr. Gowrigaonkar of the Master of Surgery Examination. It is a fact that three examiners out of four

---

***For the text of the Resolution, vide Debate dated the 7th August, 1987.**